

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

कार्तिक आर्यन ने फ्रेडी का ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 27 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 337 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## हम चीन से 1962 युद्ध हार चुके हैं, यह बात भूले नहीं हैं

### विदेश मंत्री जयशंकर ने कहाः हमें ताकत बढ़ानी होगी

नई दिल्ली। 26/11 मुंबई हमले पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि इतने वर्षों बाद भी जिन लोगों ने मुंबई हमले की योजना बनाई थी, उन्हें सजा नहीं मिली है। यह ऐसा मुद्दा है जिसे हम अत्यधिक महत्व देते हैं। हम बहुत से ऐसे देशों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं जिनके नागरिकों ने इस आतंकी हमले में जान गंवाई हैं। हमने दो विशेष मित्रों और पड़ोसियों के रूप में भूटान के साथ भारत के द्विपक्षीय सहयोग में एक



ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। 1962 के युद्ध को हम नहीं भूलेः चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हमारा निकटतम पड़ोसी है। लेकिन उसके साथ हमारा एक कटु इतिहास रहा है। वो इतिहास 1950 के दशक और पाकिस्तान के साथ चीन के संबंधों तक जाता है। जहां तक सुरक्षा से संबंधित चिंताओं की बात है तो इससे निपटने का सही तरीका ये है कि जरूरत के अनुसार हम मजबूत और दृढ़ रहे। हम चीन के साथ 1962 का युद्ध हार चुके हैं। ये बात हमें प्रभावित करना जारी रखे हुए है। चीन ने हमसे बरसों पहले ही आर्थिक सुधार शुरू कर दिया था। हमारे देश में कई साल बाद आर्थिक सुधार शुरू किया गया।

पीएसएलवी–सी54 रॉकेट के लॉन्च पर विदेश मंत्री ने कहा कि डॉ. एस जयशंकर, ओशनसैट–3 और 9 नैनोसैटेलाइट ले जा रहे हैं, जिसमें भूटान का एक उपग्रह भी शामिल है। हमने दो विशेष मित्रों और पड़ोसियों के रूप में भूटान के साथ भारत के द्विपक्षीय सहयोग में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। इसरो और भूटान की ओर से अंतरिक्ष इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की समर्पित टीम के सहयोगात्मक प्रयासों का आज भूटान के इस उपग्रह के प्रक्षेपण में समापन हुआ है।

## गुजरात के लिए जेपी नड्डा ने जारी किया संकल्प पत्र

### युवाओं को 20 लाख रोजगार के अवसर, ओलंपिक मिशन होगा शुरू

अहमदाबाद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विधानसभा चुनाव 2022 के लिए घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पाटेल और गुजरात भाजपा के राज्य अध्यक्ष सीआर पाटिल उपस्थित रहे। गांधी नगर में इस दौरान जेपी नड्ड्डा ने कहा कि गुजरात विकास की गंगोत्री है और उस गंगोत्री में जब हम विकास की बात करते हैं तो हम नए संकल्प के साथ अपने आप को फिर से पुनर्स्थापित करते हुए आगे बढ़ने की बात करते हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत जो 5 लाख तक का हेल्थ कवरेज मिल रहा है उसे 10 लाख का करेंगे। मुख्यमंत्री के फ्री डायग्नोस्टिक स्कीम के तहत दो कार्पस बनाया जाएगा जो इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के हर किस्म के डायग्नोसिस को



मुक्त करेगा। जेपी नड्डा ने कहा कि हम 25 हजार करोड़ रुपए खर्च करके श्इरीगेशन की फैसिलिटीश को सुजलाम सुफलाम योजना के तहत आगे बढाएंगे। इसी के साथ हम साउथ गुजरात में और सौराष्ट्र में दो सी फूड पार्क स्थापित करेंगे। ह्यूमन डिग्निटी के लिए भी भाजपा सरकार ने काम किया है। महिलाओं के लिए इज्जत घर बना कर दिया है। हमने जो कहा है वह करके दिया है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है, उस पर चलना और उसे संभाल कर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। बीजेपी के संकल्प पत्र के मुताबिक, अगले 5 वर्षों में गुजरात के युवाओं को 20 लाख रोजगार के अवसर दिए जाएंगे। 10,000 करोड़ रुपये के बजट से 20,000 सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बदला जाएगा। 3 सिविल मेडिसिटी, 2 एम्स के स्तर के संस्थान स्थापित करने और मौजूदा अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का महाराजा श्री भगवत सिंह जी स्वास्थ्य कोष बनाया जाएगा।

## रची जा रही है अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश! आप ने दिल्ली चुनाव आयोग से की शिकायत, मनोज तिवारी की गिरफ्तारी की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली में एमसीडी के चुनाव प्रचार चल रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक दलों की राजनीति भी चरम पर हैं। हर पार्टी अपने आपको सबसे बेहतर बताने में लगी हैं। फिलहाल दिल्ली में एमसीडी में भाजपा थी लेकिन इस बार कांटे की टक्कर देने के लिए आम आदमी पार्टी भी आ गयी हैं। एमसीडी चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा के सांसद मनोज तिवारी पर आरोप लगाया है कि वह अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश के बारे में जानकारी हैं लेकिन वह बताना नहीं चाहते हैं। केजरीवाल की हत्या की साजिश रच रही भाजपा?: सिसोदिया के इस आरोप को भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे



अरविंद केजरीवाल की चिंता है लेकिन सिसोदिया का यह आरोप पूरी करह से बेबुनियाद हैं। बीजेपी नेता मनोज तिवारी कहा कि यह आप की बहुत पुरानी पटकथा है। मैं चाहता हूं कि सीएम सुरक्षित रहें। जिस तेजी से आप नेताओं की सरेआम पिटाई हो रही है वह चिंताजनक है।

राज्य चुनाव आयोग क पास आप ने दर्ज करवायी शिकायतः अब एक दिन बाद आम आदमी पार्टी ने इस मुद्दे को आगे बढ़ाते हुए केजरीवाल की हत्या की साजिश को लेकर अपनी पहली शिकायत दर्ज करवाई हैं। आम आदमी पार्टी ने आज राज्य चुनाव आयोग (ईसी) में एक शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि भाजपा ने ष्मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हत्याष की साजिश रची है। मनोज तिवारी को गिरफ्तार करने की मांग कीः आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विधायक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की और आरोप लगाया, ष्सांसद मनोज तिवारी के पास मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हत्या की साजिश के बारे में जानकारी है। उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए और पूछताछ की जानी चाहिए। भारद्वाज ने कहा कि तिवारी से साजिश में शामिल लोगों के नामों का खुलासा करने के लिए कहा जाना चाहिए। आप ने दावा किया, श्चुनाव आयोग ने मामले को गंभीर माना है।

## दिग्गज फिल्म अभिनेता विक्रम गोखले का निधन, पुणे के अस्पताल में चार दिनों से वेंटिलेटर पर थे

मुंबई। दिग्गज फिल्म अभिनेता विक्रम गोखले का शनिवार को दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में निधन हो गया पुणे के अस्पताल में जहां उनकी हालत गंभीर थी। वह 77 वर्ष के थे।अभिनेता गोखले पिछले कुछ समय से अस्पताल में भर्ती थे और ष्लाइफ सपोर्टष थे। उनके शरीर के कई अंगों ने पहले ही काम करना बंद कर दिया था। इसके कारण वह पिछले चार दिनों से वेंटिलेटर पर थे। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए बालगंधर्व रंगमंच में रखा जाएगा। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनका अंतिम संस्कार शाम छह बजे पुणे के वैकुंठ संस्कार भूमि में किया गया। गुरुवार को दिग्गज की मौत की अफवाह उड़ी जिसके बाद अजय देवगन, रितेश देशमुख, एली गोनी, जावेद जाफरी सहित कई बॉलीवुड हस्तियों ने शोक व्यक्त करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। दीनांत मंगेशकर अस्पताल के डॉ धनंजय केलकर और अभिनेता की बेटी ने बाद में अफवाहों का खंडन किया, 40 से अधिक वर्षों के करियर में, गोखले विभिन्न मराठी और बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए, जिनमें श्अग्निपथश, 1990 में अमिताभ बच्चन अभिनीत, और 1999 में सलमान खान और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ हम दिल दे चुके सनम। उन्हें आखिरी बार शिल्पा शेट्टी और अभिमन्यु दासानी के साथ श्निकम्माश में देखा गया था। यह फिल्म इसी साल जून में सिनेमाघरों में आई थी।

## ISRO ने एक साथ लॉन्च किए 9 सैटेलाइट, जानिए इसकी खासियत

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन : इसरो ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में PSLV-C54 रॉकेट लॉन्च किया। ISRO ने PSLV C54/EOS06 लॉन्च किया, इसे ओशनसैट–3 के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही आंध्र प्रदेश के



श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 8 नैनो उपग्रहों को लॉन्च किया गया। पीएसएलवी–सी54 ने शुक्रवार सुबह 10.26 बजे शुरू हुई 25.30 घंटे की उलटी गिनती के बाद शनिवार को सुबह 11.56 बजे उड़ान भरी। यह इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान की 56वीं और विस्तारित पीएसएलवी–एक्सएल संस्करण की 24वीं उड़ान है। जबकि प्राथमिक उपग्रह को कक्षा–1 में अलग किया जाएगा, रॉकेट के प्रणोदन बे रिंग में पेश किए गए दो ऑर्बिट चेंज थ्रस्टर्स बाद में कक्षा को बदल देंगे।

## कश्मीर में फारसी भाषा को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के तहत लगाई गई अनूठी प्रदर्शनी

जम्मू। कश्मीर में फारसी भाषा को पुनर्जीवित करने के प्रयासों के तहत हाल ही में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंफोटेक कश्मीर और हेल्प फाउंडेशन की ओर से संयुक्त रूप से किये गये इस आयोजन में 20वीं सदी के प्रसिद्ध फारसी लेखक और कवि ख्वाजा मुहम्मद अमीन दरब की दुर्लभ पांडुलिपियों के अलावा कश्मीरी संस्कृति से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें प्रदर्शित की गयी थीं। इस प्रदर्शनी में ख्वाजा मुहम्मद अमीन दरब द्वारा लिखित 11 पुस्तकों सहित लगभग 73 दुर्लभ पांडुलिपियों को प्रदर्शन के लिए रखा



गया। हम आपको बता दें कि इतिहास में उल्लेख मिलता है कि 14वीं से 19वीं शताब्दी तक कश्मीर में प्रशासन की भाषा के रूप में फारसी को महत्व दिया गया और उस समय तमाम लेखन फारसी में लिखे गए। इसलिए ईरान उपक्षेत्र कहे जाने वाले कश्मीर में इस अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन अपने आप में काफी महत्वपूर्ण है। इस प्रदर्शनी में नील आर्मस्ट्रांग के चंद्र अवतरण का कालक्रम तो प्रदर्शित किया ही गया साथ ही 1923 में राजगद्दी पर बैठने पर डोगरा महाराजा हरि सिंह को श्रीनगर के व्यापारियों का बधाई संदेश भी दर्शाया गया है।

## राजस्थानः एंबुलेंस का डीजल खत्म, जान बचाने के लिए 1 किमी तक बेटी–दामाद ने दिया धक्का, मरीज की सड़क पर मौत

जयपुर। राजस्थान के बांसवाड़ा में एक एंबुलेंस में पेट्रोल खत्म होने के कारण मरीज की एम्बुलेंस में कथित तौर पर मृत्यु हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राजस्थान सरकार में मंत्री प्रताप सिंह खचरियावास ने कहा कि अगर एंबुलेंस में पेट्रोल खत्म हो गया और मरीज की मृत्यु हो गई है तो यह व्यवस्था की असफलता नहीं है बल्कि प्रबंधन की असफलता है। जो भी व्यक्ति इसके खिलाफ जिम्मेदार हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बांसवाड़ा सीएमएचओ हीरालाल ताबियार ने कहा कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। 108 एंबुलेंसों को एक निजी एजेंसी द्वारा संचालित किया जाता है,एजेंसी राज्य सरकार द्वारा अधिकृत है और कंपनी के ऊपर एंबुलेंस के रखरखाव का जिम्मा होता है। कहां लापरवाही रही है यह जांच के बाद सामने आएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार तेजिया गणना उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के रहने वाले थे। उनकी बेटी की शादी बांसवाड़ा के दानापुर में हुई। वे करीब तीन महीने पहले अपनी बेटी के घर आए थे। अचानक वे खेत में बेहोश होकर गिर गए थे।






## भारत जोड़ो यात्राः दिग्विजय सिंह जमीन पर गिरे, कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की सड़कों को जिम्मेदार ठहराया

मनिहार (मध्यप्रदेश)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह शनिवार को सड़क किनारे के एक रेस्तरां की ओर जाते वक्त भीड़ के बीच जमीन पर गिर पड़े। हालांकि, चश्मदीदों के मुताबिक उन्हें चोट नहीं आई और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें सहारा देकर फौरन उठा लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस ने सिंह के जमीन पर गिरने के लिए खराब सड़कों को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा। उधर, भाजपा का दावा है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की धक्का–मुक्की



के कारण सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ऐसे हादसों का शिकार होना पड़ रहा है। चश्मदीदों ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ से घिरे सिंह उस वक्त जमीन पर गिर पड़े, जब वह चाय काल के दौरान बड़वाह के पास सड़क किनारे के एक रेस्तरां में जा रहे थे। घटना के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, दिग्विजय सिंह भारत जोड़ो यात्रा के दौरान अब तक चार बार जमीन पर गिर चुके हैं। हालांकि, मध्यप्रदेश में वह पहली बार गिरे हैं और इसका कारण राज्य की खराब सड़कें भी हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के एक पुराने बयान का हवाला दिया जिसमें चौहान ने कहा था कि मध्यप्रदेश की सड़कें अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी की सड़कों से बेहतर हैं। रमेश ने कहा, मध्यप्रदेश की सड़कें वॉशिंगटन डीसी से बेहतर नहीं, बल्कि हत्यारी सड़कें हैं। खराब सड़कों के कारण मैं राज्य में खुद तीन बार गिरते–गिरते बचा हूं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

नानपारा(बहराइच) । उत्तर प्रदेश काँग्रेस कमेटी के प्रदेशव्यापी आह्वान पर काँग्रेसजनो ने जनपद मे रबी फसल की बुआई के दौरान किसानो को हो रही बडे पैमाने पर उर्वरकों– डी ए पी खाद व बीज की किल्लत तथा बाढ़ग्रस्त किसानो को फ्री खाद व बीज मुहैय्या कराये जाने आदि माँगो को लेकर आज चीनी मिल नानपारा से एस डी एम कार्यालय तहसील नानपारा तक किसान सत्याग्रह मार्च के तहत उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित एक माँगपत्र भेजकर जनहित मे तत्काल माँगे पूरा करने व आवश्यक कदम उठाने की माँग की गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ काँग्रेस नेता विनय सिँह ने कहा कि जनपद मे रबी फसल की बुआई के दौरान किसानो को हो रही डी ए पी –उर्वरको की भारी किल्लत का मुख्य कारण है कि बडे पैमाने पर उर्वरको की अन्तर्राष्ट्रीय कालाबाजारी है, जिसमे बडे बडे सत्ताधारी नेता व व्यापारी शामिल व जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि भारी मात्रा मे खादो व खाद्यान्नो की तस्करी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार नेपाल मे की जा रही है जिस पर शासन व प्रशासन सूरदास बना है तथा जनपद के किसान खाद बीज के लिए त्राहि त्राहि कर रहे है। ब्लाक काँग्रेस कमेटी बलहा के अध्यक्ष एहसान वारिस ने बाढ त्रासदी से प्रताडित किसानो को मुफ्त खाद बीज मुहैय्या कराये जाने की शासन व प्रशासन से पुरजोर माँग की है। ब्लाक अध्यक्ष नवाबगँज रामदीन गौतम ने कहा यदि खाद व बीज सहित अन्य जनोपयोगी वस्तुओ पर अन्तर्राष्ट्रीय कालाबाजारी पर अतिशीघ्र अँकुश न लगा तो सँघर्ष को और धार दिया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष मिहीपुरवा विजय पोरवाल ने गन्ना किसानो के बकाया भुगतान दिए जाने एवँ गन्ना का मूल्य बढाये जाने की माँग की। इस अवसर पर पँडित दीपक त्रिवेदी, राम नरेश यादव, इशारत खान, इन्द्र कुमार यादव, सआदत अहमद, गुन्ने यादव, शोभाराम चौहान, शरीफ खाँ, अवधराज पासवान, अमर सिँह वर्मा सहित कई लोगो ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए वर्तमान भाजपा सरकार को किसान विरोधी करार दिया।

# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर की जगह सांड पहुंचा मच गई भगदड़

बहराइच । एक तरफ जहां योगी सरकार पूरे प्रदेश में बेहतर सरकारी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिला अस्पतालों की दुर्दशा देखकर सारा मामला समझ में आता है। यह मामला बहराइच के मेडिकल कॉलेज के जिला चिकित्सालय का जहां के इमरजेंसी वार्ड में एक आवारा सांड अचानक गेट से अंदर दाखिल होता है और मरीज व तीमारदारों के बीच से होता हुआ वार्ड तक चला जाता है। मजे की बात तो यह है कि इमरजेंसी वार्ड के गेट पर तैनात कर्मी भी केवल नजारा देखने में लगा है। अस्पताल प्रशासन का कोई कर्मी ऐसा नहीं दिखा जिसने उस सांड को रोकने का प्रयास भी किया हो।

अचानक आए सांड से लोग सहम गए और वहां पर भगदड़ मच गई लोग अपने मरीजों को छोड़कर अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागने लगे। मालूम हो कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब मेडिकल कॉलेज के जिला चिकित्सालय में आवारा जानवरों की आवाजाही देखी गई है बल्कि किसी जिला चिकित्सालय के परिसर में सांड के हमलों से अभी तक कई लोग घायल हो चुके हैं कुछ महीनों पहले एक वृद्ध को तो अपनी जान भी गंवानी पड़ी थी लेकिन अस्पताल प्रशासन है कि उसके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है और इन आवारा जानवरों के ऊपर अंकुश लगाने में अस्पताल प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है जिला अस्पताल प्रशासन केवल बाहर की दवाइयां लिखकर धन बटोरने में लगा हुआ है और सरकारी सुविधाओं के नाम पर मरीजों को सांड के हमलों का सामना करना पड़ रहा है तस्वीरें आपके सामने सरकार के बड़े–बड़े दावे इन तस्वीरों के सामने खोखले नजर आ रहे हैं।

# पांच दिवसीय एचबीवाईसी प्रशिक्षण में आशाएं सीख रहीं स्वास्थ्य, पोषण व आरंभिक विकास की यात्रा

बहराइच । जनपद में होम बेस्ड केयर फॉर यंग चाइल्ड( एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है । प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान 3 से 15 माह तक के बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण के साथ–साथ जलीय स्वच्छता, पर्यावरणीय स्वच्छता व व्यक्तिगत स्वच्छता का महत्व भी बताएंगी। इस प्रयास से जहां बाल्यकाल में होने वाली बीमारियों में कमी आएगी वहीं बच्चों के पोषण स्तर में सुधार व शारीरिक, मानसिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में सभी आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पांच दिवसीय एचबीवाईसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा हैसज्ञात हो कि बीते 10 नवंबर से शिवपुर ,बलहा , विशेश्वर गंज व नवाबगंज में 37 अलग–अलग बैचों में प्रशिक्षण कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश ,जिला व ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण की गुणवत्ता व तकनीकी सहयोग में यूनिसेफ के मंडलीय प्रबन्धक साकेत शुक्ला का विशेष सहयोग रहता है।

डीसीपीएम मो0 राशिद ने बताया कि प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता तीन से 15 माह के बच्चों के स्वास्थ्य ,स्वच्छता व पालन–पोषण की निगरानी करेंगीस इस प्रयास से बाल्यकाल में होने वाली बीमारियां जैसे निमोनिया , डायरिया व कुपोषण आदि पर रोकथाम लगेगी। इससे बच्चे कम बीमार पड़ेंगे व बाल मृत्यु दर में कमी आएगी।

नवाबगंज में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक चंदरेश्वर पाठक ने बताया कि बढ़ते हुए बच्चों की गतिविधियों को समझकर उनके शारीरिक व बौद्धिक क्षमताओं का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तीन माह का बच्चा परिचित व्यक्ति को देखकर नहीं मुस्कराता, अचानक जोर की आवाज से चौकता या रोता नहीं, स्तनपान या बात करते समय मां से आंख नहीं मिलाता, बच्चे के हाथ–पांव व गर्दन की मांसपेशियों में अकड़न या सर पीछे की तरफ झुक जाता है, आंखों में भेंगापन या घ्हाथ के अंगूठे को लगातार दबाना या मुट्ठी नहीं खोलना वहीं छह माह का बच्चा अपना सिर नहीं सम्हाल पाता, आवाजें जैसे अ ,आ इ नहीं निकाल पाना, सहारे के बावजूद भी नहीं उठ पाना , गतिशील वस्तुओं को देखते समय सिर और आंखे एक साथ नहीं घुमा पाना, अपनी पहुंच की वस्तुओं को भी नहीं पकड़ पाना, पेट के बल लेटने पर सिर नहीं उठा पाना ऐसे लक्षण होने पर बच्चे को तुरंत चिकित्सक से दिखाना चाहिए।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय आदर्श नगर क्षेत्र बलरामपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

## मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने का दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र बलरामपुर का जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा औचक निरीक्षण किया



गया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 5 में जाकर पठन–पाठन कार्य का जायजा लिया एवं ड्रेस वितरण के बारे में पूछा तथा छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने का निर्देश दिया, उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लिए पार्क बनाया जाए, जिसमें की बच्चों के खेलने के लिए झूला आदि लगाया जाए। विद्यालय में लाइब्रेरी एवं स्मार्ट क्लास बनाए जाने, सभी कक्षाओं में फर्नीचर की व्यवस्था, बच्चों के लिए एमडीएम शेड का निर्माण कराए जाने का निर्देश दिया, जिसमें कि सभी बच्चे सामूहिक रूप से बैठकर मध्यान भोजन कर सके। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी को विद्यालय गोद लिए जाने तथा विद्यालय के बाहर प्रांगण में इंटरलॉकिंग कराते हुए फूलों की क्यारी बनाए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय पर उपस्थित बीएलओ से जिलाधिकारी द्वारा मतदाता सूची को दुरुस्त किए जाने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने बीएलओ को घर–घर जाकर 18 वर्ष से अधिक की आयु एवं पात्र व्यक्तियों का वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने हेतु फार्म प्राप्त किए जाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था, जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में विद्यालय में काफी सुधार देखने को मिला, विद्यालय की रंगाई–पुताई पाई गई, शौचालय में चारों तरफ से टाइल्स लगा दी गई है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, प्रिंसिपल कम्पोजिट विद्यालय, सहायक अभियंता आरईएस व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# दस फीट लंबा अजगर निकलने से हड़कंप

मिल्कीपुर–अयोध्या । विकास खंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मीठेगांव में 10 फीट लंबा अजगर निकलने से सनसनी फैल गई।गांव के पश्चिमी छोर पर स्थित इंतेजार अहमद के घर के बगल 10 फीट लंबा अजगर निकलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया।इसकी जानकारी होने पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।गांव के निवासी सोनू खान ने इसकी सूचना वन विभाग को दिया।मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम जिसमें दिलीप श्रीवास्तव,सूर्यभानु तिवारी, पुत्तन सिंह आदि ने अजगर को पकड़ा और उसे आबादी से दूर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ दियङ्गं

# राम मंदिर के गर्भगृह में लग रहे पिंक स्टोन के खंभे

अयोध्या । श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम मन्दिर निर्माण प्रगति की ताजा तस्वीरें जारी की है जिसमें बताया गया है कि गर्भगृह की दीवार में पिंक सैंड स्टोन से बने नक्काशीदार स्तंभ लगने शुरू हो गए हैं। राम मंदिर का निर्माण पूरी गति से हो रहा है जिसमें रामलला 15 जनवरी 2024 को विराजमान हो जाएंगे। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय का कहना है कि बैठक कर दिसंबर 2023 तक भूतल निर्माण का कार्य पूरा किए जाने के साथ ही जनवरी 2024 में भगवान श्री रामलला को विराजमान कराए जाने की घोषणा की गई थी। जिसको लेकर एलएंडटी व टाटा के इंजीनियर व वर्कर लगातार 24 घंटे कार्य में जुटे हैं। अब तक मंदिर निर्माण में कुल 60 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। ट्रस्ट सदस्य डॉ अनिल मिश्रा का कहना है कि गर्भगृह, गुड मंडप व रंग मंडप की दीवारों का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। साथ ही नीचे से पत्थरों की सिलाई भी लग चुकी है और अब ऊपरी हिस्से के पत्थर लगना प्रारंभ हो गया है। मंदिर के भूतल में लगने वाले कुल 166 पिलर के बेस में पत्थरों को लगाए जाने का 75 फीसदी कार्य पूरा हो गया है। अब ऊपर के पत्थर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद 20 फुट ऊंचे भूतल के ऊपर छत लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित जन्मभूमि परिसर में भूतल पर पूर्व–पश्चिम दिशा में 380 फीट लंबा, उत्तर–दक्षिण में 250 फीट चौड़ा बन रहा है। मंदिर में राजस्थान के बलुआ पत्थर से बने कुल 392 स्तंभ लगाए जाएंगे।

# जिला चिकित्सालय में डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों की उड़ रही धज्जियां

## –सीएमएस का फरमान हवा में उड़ा रहे चिकित्सक और कर्मचारी

अयोध्या । जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी का फरमान हवा में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक द्वारा समस्त चिकित्सकों को निर्देशित किया गया था कि कोई भी चिकित्सक बाजार की कमीशन युक्त दवा एवं इंजेक्शन मरीज से नहीं मंगवाए गा और ना ही एक भी दलाल ओपीडी मैं नजर नहीं आने चाहिए परंतु सी एम एस के ढुलमुल रवैया के चलते अल्ट्रासाउंड कक्ष एक्स–रे कक्ष फिजीशियन कक्ष संख्या 14 बाल रोग विशेषज्ञ कच्छ संख्या 3 सर्जरी ओपीडी जर्नल ओटी इमरजेंसी ओपीडी मैं जहां दलालों की भरमार है वही इमरजेंसी ओपीडी ड्यूटी करने वाले संविदा चिकित्सकों द्वारा धड़ाके से कमीशन युक्त इंजेक्शन दवाइयां अपने फिक्स मेडिकल स्टोर से मरीज के तीमारदारों से मंगवा कर लगाए जाने का जीता जागता उदाहरण बीते 23 नवंबर की रात्रि नगर के ऋषि टोला निवासी पूनम पत्नी रामनाथ आयु लगभग 35 वर्ष के पेट में दर्द होने के कारण पति द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे संविदा चिकित्सक आशुतोष सिंह द्वारा 11 सो का कमीशन युक्त इंजेक्शन लगाकर मेडिकल वार्ड में भर्ती किया गया पति राम नाथ द्वारा प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी को कल बीते 24 नवंबर को एक लिखित शिकायत पत्र दिया है शिकायत पत्र में पीड़ित द्वारा बाजार से 11 सो रुपए का इंजेक्शन मंगवाने का आरोप लगाया गया है प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी द्वारा संविदा चिकित्सक डॉ आशुतोष सिंह फार्मेसिस्ट उपेंद्र मणि त्रिपाठी से 2 दिन में स्पष्टीकरण देने का दीया है वही आए दिन कमीशन युक्त इंजेक्शन दिन में धड़ाके से मरीजों के तीमारदारों के द्वारा मंगवा कर लगाए जाने की घटना घटित होने के बावजूद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक द्वारा कोई दंडात्मक कार्यवाही ना किए जाने के कारण चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट का मनोबल दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

# हाईकोर्ट में जिला प्रशासन ने दिया बचकाना जवाब

## प्रशासन ने ही चलाया था त्रिलोदी गंगा को बचाने का अभियान

अयोध्या । जनपद की पौराणिक त्रिलोदकी गंगा के अस्तित्व को बचाने की कवायद में जुटे जनपदवासियों को प्रशासन ने जोर का झटका दिया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बचकाना जवाब दाखिल करते हुए प्रशासन ने कहा है कि अयोध्या में त्रिलोदकी गंगा नाम से कोई नदी ही नहीं है। यह हाल तब है जब नगर निगम आए दिन त्रिलोदकी गंगा के जीर्णोद्धार के लिए सोशल मीडिया पर लोगों को जागरूक करता रहता है। साथ ही करोड़ों रुपये सौंदर्यीकरण पर खर्च करने का दावा भी करता है। प्रशासन का जवाब सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने जमकर ताने कसे हैं। कुछ दिन पहले ही सोहावल तहसील क्षेत्र के गौरा ब्रह्मनान गांव के पास तमसा और त्रिलोदकी गंगा के संगम स्थल के पास अयोध्या की तीसरी नदी के रूप में इसका जीर्णोद्धार हुआ था। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन करने के लिए भारी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इतना ही नहीं निवर्तमान जिलाधिकारी अनुज कुमार झा और सीडीओ के नेतृत्व में कराए गए सर्वे के दौरान यह नदी लगभग 45 किलोमीटर लंबी मिली थी, लेकिन हाईकोर्ट में दाखिल किए गए जवाब के बाद प्रशासन की छीछालेदर होने लगी है। गौरतलब है कि थाना पूराकलंदर के गंजा निवासी दुर्गा प्रसाद यादव ने एनजीटी में अपनी बात रखते हुए कहा था कि सरयू से निकलकर सरयू में ही मिलने वाली 42 किमी की नदी का अस्तित्व आज खतरे में है। ग्राम सभा गंजा, हांसापुर, चांदपुर हरिवंश पूरे हुसेन खाँ, जनौरा देहात आदि के लोगों की जमीनें जिला प्रशासन द्वारा श्री राम एयरपोर्ट के लिये अधिग्रहित की गई। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण में पूर्व से स्थित त्रिलोदकी गंगा (बाहा) को तहस–नहस करने का कार्य किया जा रहा है। त्रिलोदकी में अमृत बटलर्स प्रा.लि. (कोको कोला) डाभासेमर चांदपुर हरवंश इलाहाबाद रोड अयोध्या का जहरीला पानी इसी त्रिलोकी बाहा मे छोड़ दिया गया है। इसके बाद से ही मामले ने तूल पकड़ा था।

# मानसिक रोगियों के लिये कैंप का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

श्रीदत्तगंज/बलरामपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में मानसिक रोगों से ग्रस्त लोगों के उपचार हेतु कैंप का उद्घाटन





मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश तेरि गुनायक द्वारा किया गया जिले से आए डॉ अशोक कुमार ने 70 मरीजों का इलाज किया उक्त अवसर पर कुछ मरीजों को विकलांगता प्रमाण पत्र भी देने का निर्देशित किया गया कार्यक्रम का संचालन अधीक्षक डॉ विकल्प मिश्रा ने किया कार्यक्रम में आए हुए मरीजों को फल बिस्कुट दूध आदि का वितरण किया गया उक्त कार्यक्रम मे स्थानीय गांव के मरीज अमर वर्मा निशा सिरमावती आसाराम रामकुमार का इलाज किया गया को उक्त अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ विकल्प मिश्रा डॉ संजय कुमार डॉ पंकज सिंह सहित कई चिकित्सा कर्मी भी उपस्थित रहे।

# इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ विशाल ब्लड डोनेशन कार्यक्रम

उन्नाव । इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित विशाल ब्लड डोनेशन कार्यक्रम जिला अस्पताल में जिला अधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन की ने टीम ने पहुंच कर सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित भी किया इसी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होकर कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन परिवार से सक्रिय सम्मानित सदस्य सुरेन्द्र वर्मा और अनुराग बाजपई अवनीश कुमार व अन्य ने कैंप में ब्लड डोनेट कर भविष्य में जरूरतमंद की मदद करने के लिए संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में रेड क्रॉस संस्था के सभापति आषादीन तिवारी, उपसभापति मनीष सिंह सेंगर, सचिव संदीप कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष हर्ष तिवारी, उमेश चंद्र साईं बाबा, हरिहर दीक्षित, अनुराग सिंह राठौर, दीपचंद्र मिश्रा, संजय सिंह के साथ साथ अन्य सभी वरिष्ठ जनों और युवा साथी मौजूद रहे। साथ ही साथ कर्म क्रांति महिला मोर्चा टीम से रेनू वर्मा जी ,जयंती शुक्ला जी ,सरिता तिवारी जी आदि महिला शक्ति भी उपस्थित रहीं।

# भोजपुरी अभिनेत्री का कीमती सामान चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## –पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया खुलासा

अयोध्या । शहर के सिविल लाइन स्थित शाने अवध होटल के कमरे से भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे के कीमती मोबाइल तथा सोने चांदी के जेवरात चोरी होने के मामले में पुलिस में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बैग समेत चोरी किया गया सरा सामान बरामद कर लिया है। कोतवाली नगर में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी सिटी मधुबन सिंह ने बताया कि एक भोजपुरी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में यहाँ रुकी भोजपुरी अभिनेत्री के सिविल लाइन स्थित होटल के कमरे से बैग चोरी हो गया था। बैग में तीन कीमती मोबाइल, सोने चांदी के जेवरात नकदी आदि सामान थे। शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन कर रही थी। सर्विलांस सेल की मदद से नगर कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण व प्रभावी कार्यवाही करते हुए आज सुबह 08.35 बजे बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग के पास से 42 वर्षीय गोपाल पेरूमल तथा इसके बेटे 22 वर्षीय कुमार निवासी थोट्टलम उदयराजपलायम थाना अम्बोर जनपद वेल्लूर तमिलनाडु को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने एक बड़ा हार मय लाकेट, दो कंगन,दो झुमका, दो चौन मय लाकेट, सोनेध्हीरे की सात अंगूठी, दो घड़ी, 2905 रुपए नगद तथा दो आईफोन,एक सैमसंग गैलेक्सी और ग्रे कलर का एक बैग बरामद किया है। बताया कि आरोपी अयोध्या में दो तीन दिन से रुके हुए थे। पुलिस टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25000 का इनाम देने की घोषणा की है।

# संविधान निर्माण में योगदान विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। आजादी का अमृत महोत्सव एवं संग्रहालय की शिक्षा प्रसार सेवा के अंतर्गत दिनांक 26 नवंबर 2022 को संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बर्डपुर सिद्धार्थनगर के कक्षा 7 से 9 तक के छात्र–छात्राओं के मध्य डॉ0भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण में योगदान विषयक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कुल 60 छात्र छात्राओं ने प्रतिभागता की प्रतिभागिता में सम्मिलित छात्र छात्राओं ने उपरोक्त विषय पर अपने विचारों को निबंध के रूप में प्रस्तुत किया निर्णायक मंडल के रूप में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय सिद्धार्थनगर के डॉ0 धर्मेंद्र कुमार द्वारा प्रतिभागी छात्रों में से प्रथम द्वितीय तृतीय एवं तीन सांत्वना पुरस्कार सहित कुल 6 प्रतिभागियों का चयन किया गया प्रथम पुरस्कार मीनाक्षी चौधरी, द्वितीय पुरस्कार प्रियंका जायसवाल, तृतीय पुरस्कार विवेक चौधरी सांत्वना पुरस्कार क्रमशः सत्यम गुप्ता ,अरुण कुमार ,कुमकुम कान्दू ,स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बर्डपुर सिद्धार्थनगर ने प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ0 धर्मेंद्र कुमार एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृति डिपार्टमेंट सिद्धार्थ विश्वविद्यालय,सिद्धार्थ नगर ने प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किया पुरस्कार वितरण के पश्चात मुख्य अतिथि ने निबंध प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों के अच्छे प्रयास की सराहना करते हुए अपनी शुभकामना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने अपने विचार तथा लेखन शैली में कला कौशल व भाषा के अच्छे ज्ञान का परिचय दिया। यही बच्चे कल के भविष्य हैं इन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मंच की आवश्यकता है जो संग्रहालय द्वारा समय–समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। संग्रहालय द्वारा इस तरह का किया गया प्रयास निश्चय ही मील का पत्थर साबित होगा। संग्रहालय की संग्रहालाध्यक्ष डा0 तृप्ति राय ने कहा की बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं इनमें छिपी प्रतिभा को निखारने एवं अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के साथ–साथ ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण के प्रति इन्हें सचेष्ट करना हमारा उद्देश है,उसी उद्देश्य की प्राप्ति हेतु संग्रहालय द्वारा समय–समय पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। डॉ0 तृप्ति राय अपने संबोधन में कहा कि संग्रहालय प्राचीन विरासत को संरक्षित सुरक्षित रखने के साथ ही साथ इतिहास को संजोये रखने के लिए जन सामान्य को जागरूक करने के लिए तत्पर है इसी कड़ी में आज निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अंत में डॉ0तृप्ति राय ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप प्रदान करते हुए निर्णायक मंडल, शिक्षक बंधु, अभिभावक गण, समस्त प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं पत्रकार बंधुओं को सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया उक्त अवसर पर डॉ0 गंगाधर बलधार,सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर पुरुषोत्तम पांडे, हिमांशु, ओम प्रकाश पांडे, सुनील चौधरी, राम लखन आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

## खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश



बांसी/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड खेसरहा क्षेत्र अंतर्गत धमौरा ग्राम पंचायत के टोला जामडीह (पुरवा) पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने निर्माणाधीन पिचमार्ग का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को अविलंब खामियों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। विधानसभा क्षेत्र बांसी अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020–21में स्वीकृत कार्य चौरी गांव से पूरब जामडीह पुरवा से पचपेंड़वा होते हुए कपियवा तक लेपन कार्य का निरीक्षण कार्य में शिथिलता व खामियों से संबंधित शिकायत के आधार पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शनिवार को किया गया। उक्त सड़क का निर्माण कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सिद्धार्थनगर द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय रविन्द वर्मा, अधिशासी अभियंता, अंकुर वर्मा, सहायक अभियंता एवम विनोद शर्मा, अवर अभियंता उपस्थित रहे। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि स्वीकृत लंबाई 4.किलोमीटर के सापेक्ष कार्यदाई संस्था द्वारा 3.60 किलोमीटर में लेपन कार्य पूर्ण कराया गया। प्राक्कलन के अनुसार सड़क के दोनों तरफ 1.5 मीटर तक मिट्टी पटाई कार्य कराया जाना था! परन्तु कार्यदायी संस्था ने पटरी निर्माण को मानक के अनुसार नहीं कराया। जांच में पाया गया कि संस्था द्वारा कहीं कहीं 1.5 मीटर से कम मिट्टी डाला गया है। यही नहीं पुलिया और सड़क में बीच गैप है, बाढ़ क्षेत्र में बोल्डर कार्य भी कराया जाना है परन्तु अभी तक कार्य नहीं कराया गया। अपना बचाव करते हुए अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि बाढ़, वर्षा एवम जल जमाव के कारण कार्य बंद था, कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कराया जाएगा। अधिशासी अभियन्ता द्वारा कहा गया कि शीघ्र ही सभी कमियों को दुरुस्त कराते हुए कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा स सीडीओ ने किनारे की मिट्टी को शीघ्र ही मानक के के अनुरूप 1. 5 मीटर बनवाने का निर्देश दिया उन्होंने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्राक्कलन के तहत निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य तय समय तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# अनियमितता का शिकार हुआ कम्पोजिट विद्यालय एकडेंगवा,छात्रों के हकों का हो रहा शोषण

## 'बच्चों के स्वास्थ के साथ हो रहा खिलवाड, 'मीनू के हिसाब मिड डे मील की व्यवस्था नही, 'काफी दिनों से नही हुई रंगाई पोताई





गोविन्द वर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लोटन विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत एकडेंगवा में स्थित कम्पोजिट विद्यालय एकडेंगवा में विद्यार्थियों को गुणवत्ता विहीन भोजन खिलाकर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जहाँ एक तरफ सरकार बच्चों के शिक्षा के साथ साथ उनके स्वस्थ्य को ध्यान मेंरखकर विद्यालय में ही बच्चों के लिए निःशुल्क मिडडे मील की व्यवस्था की है, जिसमें सप्ताह में एक दिन फल और एक दिन दूध इस तरह से तरह तरह से रोजाना बच्चो के पौष्टिक भोजन के लिए मेनू बना हुआ है लेकिन इस विद्यालय पर मीनू के हिसाब कुछ भी नही बनता और न ही बच्चों को कभी फल और न ही कभी दूध ही दी जाती है। सिर्फ यही नही बच्चों ने बताया कि उन्ही बच्चों से बर्तन भी धुलवाया जाता है। विद्यालय की हालत ऐसी है कि जैसे कभी विद्यालय की रँगाई पुताई ही न हुई हो और न ही रख रखाव किया गया ।जिससे विद्यालय जर्जर होता जा रहा है ।कम्पोजिट विद्यालय एकडेंगवा अनियमितता का शिकार हो गया है ।सरकार नामांकित छात्रों को अच्छी शिक्षा के अलावा उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है ।जिसमें मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार छात्रों को दिया जाना है ।इसके अलावा सप्ताह में एक दिन दूध और एक दिन फल वितरित किया जाना चाहिए। लेकिन उक्त विद्यालय में भोजन गुणवत्ता विहीन विना मीनू के आधार पर बनता है ।स्कूली बच्चों ने बताया कि सभी छात्र अपने हाथ से जूठा वर्तन धुलते हैं ।सप्ताह में न तो फल दिया जाता है और न ही दूध दिया जाता है ।खाना अच्छा नहीं बनता है ।जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि इनके पैसे का बन्दर बांट किया जाता है ।स्कूल के बच्चों में कोई अनुशासन नहीं है ।बच्चे आलमारी व दीवार पर चढ़ कर खेलते हैं। ।स्कूल की हालात देखने से यह लगता है कि पिछले कई वर्षों से विद्यालय की रँगाई पोताई व रख रखाव नहीं किया गया है ।बच्चे टाट पट्टी पर बैठने के लिए मजबूर हैं ।जबकि प्रति वर्ष रँगाई पोताई का पैसा शासन द्वारा दिया जाता है ।फिर भी इसके जिम्मेदार सरकार के मंशा पर पानी फेरते हुए नजर अंजाद कर देते हैं ।जिससे इसके जिम्मेदार सरकार के मंशा के विपरीत कार्य करते हुए मंशा पर पानी फेर रहे हैं। साथ ही साथ छात्रों के हकों का शोषण किया जा रहा है।

# सांसद ने किया चार सौ महिलाओ में साड़ी का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। जोगिया क्षेत्र के मीरा मैरेज हाल मे







सांसद जगदंबिका पाल का चौपाल मे सरकार की उपलब्धियों को को बताया और चार सौ लोगों को साड़ी का वितरण किया गया चौपाल में सांसद जगदंबिका पाल ने सरकार की उपलब्धियों को बताया और कहा कि जिस तरह से सरकार की नजर गरीबो के ऊपर है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरीके से देश को बदले कुछ कोशिश की है उस प्रकार से उसी प्रकार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्य के बारे बताया और उनके उपलब्धियों के बारे लोगों को बताया और कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाया है और 25 लोगों को निशुल्क गैस सलेडर का वितरण किया गया चौपाल में सांसद जगदंबिका पाल ने लोगों की समस्या भी सुनी और लोगों को उपस्थित लोग ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीष चौधरी, रवि जयसवाल सांसद प्रतिनिधि जोगिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नौगढ राजेश जयसवाल, फूलचंद जयसवाल, अरविंद पाठक, दुर्गेश श्रीवास्तव, पिंकी गौड़, कान्ती देवी, प्रदीप मौर्य, रामदेव चौहान रोहित चौहान, आदि लोग मौजूद रहे

# संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में शपथ दिलाया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संविधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर द्वारा संविधान शपथ को पढ़ा गया तथा उपस्थित अधिकारियेंध्कर्मचारियों द्वारा शपथ को दोहराया गया। हम, भारत के लोग, भारत को एक





सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिये, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिये दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई. को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसर्पित करते हैं। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी (न्यायिक) प्रिंयका चौधरी, अपर उपजिलाधिकारी सन्त कुमार तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# जन शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का आयोजन,लिया शपथ



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संविधान दिवस पर जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थ नगर द्वारा जिले भर में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर से लेकर गांव तक भारतीय संविधान के अनुपालन की शपथ ली गई। सिद्धार्थ नगर के बर्डपुर ब्लॉक के मधुबेनिया में दो जगह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे से जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र पर आफिस स्टाफ,अनुदेशक व लाभार्थियों को भारतीय संविधान के अनुपालन की शपथ दिलाई गई तथा भारत लोकतंत्र की जननी कार्यक्रम के अन्तरगर्त एक संगोष्ठी व आनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमे प्रतिभागियों ने भाग लेकर तुरंत प्रमाण पत्र किया। एवं कम्पोजिट जूनियर विद्यालय मधुबेनिया में प्रधानाचार्य, शिक्षकों सहित छात्रों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थ नगर के कार्यवाहक निदेशक दिलीप कुमार सिंह ,लेखाधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ,विद्यालय के प्रधानाचार्य सब्बीर अहमद सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक गण सहित संस्थान के अनुदेशक आकांक्षा पाठक ,अरजुन्निशा, महमूद आलम शिवम् गर्ग आदि मौजूद थे। कर्यक्रम का संचालन जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थ नगर के लेखाधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने किया। वहीं विद्यालय के अध्यापक द्वारा संविधान दिवस पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें छात्र–छात्राओं को संविधान के मूल कर्तव्यों से परिचित कराने के साथ वाद–विवाद प्रतियोगिता कराई गई। मुख्य अतिथि दिलीप कुमार सिंह ने छात्रों को संविधान की विस्तार से जानकारी दी। और अंत में सभी को जलपान कराकर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# भगवान बुद्ध के उपदेशों से ही विश्व में शांति एवं मानव कल्याण होगा



दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। विश्व शांति एवं लोक कल्याण के लिए बीते 15 नवंबर से सारनाथ वाराणसी तक बौद्ध भिक्खू चन्दिमा थेरो के नेतृत्व में सैकड़ों बौद्ध भिक्खू संघ से धम्म पद यात्रा कर रहे है। 26 नवंबर दिन शनिवार की सुबह 8रू00 बजे के आसपास बस्ती सिद्धार्थनगर जनपद सीमा पर स्थित महुआरा गांव के पास डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों ने सभी बौद्ध भिक्खू को पुष्प का वर्षा कर स्वागत किया। जिसके बाद पदयात्रा यहां से निकल कर टड़वा, बेवा चौराहा, लटिया, खुनखुन चौराहा, गौहनिया राज, सिलोखरा चौराहा, बयारा चौराहा होते हुए करीब 12 बजे चकचई स्थित रफी मेमोरियल इंटर कॉलेज में पहुंचा। जहां संघ ने भोजन दान किया। जिसके बाद धम्म देशना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूज्य भिक्खू चन्दिमा शेरों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद उन्होंने सभी बौद्ध अनुयायियों को त्रिशरण पंचशील ग्रहण कराया। इस दौरान उन्होंने भगवान बुद्ध, बाबा साहब के बारे में विस्तार से बौद्ध अनुयायियों को बताया। पूज्य भंते संघ में भंते महाकश्यप,भंते धम्मवीर,भंते महानाम, भंते ज्ञान रखित,आदि ने सम्बोधित किया ।इस दौरान रामप्रकाश गौतम, भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष रामबक्स गौतम, बच्चा राम बौद्ध, अनिल कुमार गौतम, डॉक्टर अशीष कुमार बौद्ध, मनोज सिद्धार्थ, सुखपाल गौतम, मुकेश गौतम, गंगाराम, रामदीन, राममिलन, केदारनाथ आजाद, अनिल गौतम, संदीप गौतम, शेखर गौतम, अज्ञेय कुमार गौतम, गणेश गॉड, मंजू गौतम, संतोष कुमार आजाद , दिलीप कुमार, दिवाकर गौतम भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कपिलवस्तु महोत्सवः स्थानीय कलाकारो का अश्वडिशन 29 व 01 दिसम्बर को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विगत वर्षों की भांति कपिलवस्तु महोत्सव का आयोजन दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 से 02 जनवरी, 2023 के बीच प्रस्तावित है, जिसमें अन्य विविध कार्यक्रमों के साथ–साथ स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति भी होनी है, जिसके अन्तर्गत गायन, वादन, नाट्य का मंचन एवं मुशायरे इत्यादि की विधाएं शामिल हैं। उक्त महोत्सव में एक सीमित कार्यक्रम में सीमित स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति किये जाने हेतु जिला विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी, स्थानीय कलाकार, कपिलवस्तु महोत्सव–2022, सिद्धार्थनगर कार्यालय पत्रांक 749 दिनांक 07 नवम्बर, 2022 द्वारा आवेदन आमंत्रित किये गये थे। तत्क्रम में अब तक कुल 37 आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं, जिनके ऑडिशन हेतु दिनांक 29 नवम्बर, 2022 एवं दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 को तिथि निर्धारित की जाती है। अतः संलग्न सूची के अनुसार कुल 37 आवेदकों को सूचित किया जाता है कि वे ऑडिशन हेतु दिनांक 29 नवम्बर, 2022 एवं 01 दिसम्बर, 2022 को डा० अम्बेडकर सभागार, विकास भवन, सिद्धार्थनगर में अपरान्ह 12रू30 बजे उपस्थित होने का कष्ट करे। उक्त आशय की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षकध्अध्यक्ष, स्थानीय कलाकार, कपिलवस्तु महोत्सव–2022, सिद्धार्थ नगर द्वारा दिया गया है।

## सम्पादकीय

**प्रदेश अध्यक्ष के सुध ाकरण ने आरएसएस और नेहरू को लेकर जो बयान दिया उसका विवाद चल ही रहा था कि शशि थरूर की सक्रियता ने पार्टी को नई मुश्किल में डाल दिया। हालांकि थरूर ने कहा है कि उनसे किसी को डरने की जरूरत नहीं है और वे कोई गुटबाजी नहीं कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस की सहयोगी इंडियन ...**

# यात्रा से एकजुटता नहीं बन रही

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा तात्कालिक चुनावी लाभ देने वाली नहीं साबित हो रही है। कांग्रेस के नेता भी इसे मान रहे हैं। लेकिन उनका कहना है कि इससे पार्टी एकजुट हो रही है और राज्यों में पार्टी का सोया हुआ काडर जग कर एक्टिव हो रहा है। राज्यों में पार्टी का संगठन फिर खड़ा हो रहा है। यात्रा की तैयारियों के बहाने ही संगठन काम कर रहा है। लेकिन हकीकत कुछ और है। वास्तविकता यह है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा से कांग्रेस पार्टी एकजुट नहीं हो रही है। राहुल के सामने भले एकजुटता दिख रही है लेकिन यात्रा आगे बढ़ते ही पार्टी के नेताओं में घमासान शुरू हो जा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दक्षिण भारत के जिन पांच राज्यों से गुजरी है उनमें से दो राज्यों– केरल और कर्नाटक में पार्टी के अंदर घमासान छिड़ा है। अभी मध्य प्रदेश से निकल कर उनकी यात्रा राजस्थान जाने वाली है और उससे पहले ही राजस्थान में पार्टी की खेमेबाजी सामने आ गई है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट हालांकि यात्रा की तैयारियों में लगे हैं और इसके लिए हुई मीटिंग में भी शामिल हुए लेकिन उनके असर वाले इलाके में गूजर नेता यात्रा का बहिष्कार करने और राहुल गांधी को राजस्थान में नहीं घुसने देने की बात कर रहे हैं। पायलट समर्थक विधायकों व मंत्रियों ने राजस्थान का फैसला जल्दी करने को कहा है तो इस



बात को लेकर भी बहस छिड़ी है कि राजस्थान में ज्यादा समय तक यात्रा पायलट के असर वाले इलाकों से गुजरेगी। राहुल ने अपनी यात्रा के दौरान कर्नाटक में प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बीच बरसों से चल रही खींचतान को खत्म करके एकजुटता बनवाने की बड़ी कोशिश की। पर राहुल की यात्रा आगे बढ़ी और कर्नाटक में घमासान शुरू हो गया। राहुल के समर्थन और मल्लिकार्जुन खडगे के अध्यक्ष बनने से उत्साहित सिद्धरमैया ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी। उन्होंने अगले साल के विधानसभा चुनाव के लिए छह उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए और लोगों से उनको वोट देने की अपील कर डाली। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार इससे इतना भड़के कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से कह दिया कि सिद्धरमैया कौन होते हैं उम्मीदवार की घोषणा करने वाले। केरल में इसी तरह का विवाद छिड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष के सुधाकरण ने आरएसएस और नेहरू को लेकर जो बयान दिया उसका विवाद चल ही रहा था कि शशि थरूर की सक्रियता ने पार्टी को नई मुश्किल में डाल दिया। हालांकि थरूर ने कहा है कि उनसे किसी को डरने की जरूरत नहीं है और वे कोई गुटबाजी नहीं कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के नेताओं से उनकी मुलाकात ने राजनीतिक घटनाक्रम को तेज कर दिया है। प्रदेश में नेताओं के कई गुट पहले से हैं और अब एक नया गुट बन रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में थरूर का समर्थन करने और उनको वोट देने वाले नेता उनके संपर्क में हैं।

# सीआईआई की चिंताएं

सीआईआई चाहती है कि आय कर में छूट देकर और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन सरकार ने उन श्हार्वर्ड्य शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनी। कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) ने अगले साल के बजट के लिए सरकार को जो कदम उठाने के सुझाव दिए हैं, सामान्य दिनों में इस संगठन से जुड़े उद्योगपति उन्हें श्समाजवादय कहते। लेकिन मोनोपॉली के स्तर पर पहुंची मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था की नीतियों ने इन उद्योगपतियों का बाजार इस तरह सिकोड़ दिया है कि उन्हें अब अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स के फॉर्मूले में ही रास्ता नजर आ रहा है। ये बात ध्यान में रखने की है कि सीआईआई परंपरागत उद्योगपतियों की संस्था है– यानी उद्योगपतियों की जिनका कारोबार कारखाना उत्पादन और उनकी बिक्री पर निर्भर करता है। अब ये संस्था क्या सुझाव दे रही है, इस पर गौर कीजिए। इसने कॉरपोरेट टैक्स में कटौती की मांग नहीं की है। बल्कि कहा है कि इसे मौजूदा स्तर पर ही बनाए रखा जाए। इसके बदले उसने निजी आय कर में छूट देने और जीएसटी की 28 प्रतिशत दर के तहत आने वाली वस्तुओं पर यह कर घटाने का सुझाव दिया है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में रोजगार पैदा करने वाली योजनाएं लागू करने की मांग उसने सरकार से की है। साफ कहा है कि इस समय उपभोग और मांग बढ़ाने वाली नीतियों की जरूरत है। सरकार इन सुझावों को सुनेगी या नहीं, यह हमें नहीं मालूम। लेकिन सीआईआई ने जो कहा है, उससे देश की असल अर्थव्यवस्था का हाल जरूर जाहिर हुआ है। यही हाल तेल साबुन जैसी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों की हालिया तमाम रिपोर्टों से भी सामने आया है। सरकार की आम जेब से निकाल कर कॉरपोरेट सेक्टर को पैसा ट्रांसफर करने वाली नीतियों ने जमीन पर बाजार को सिकोड़ दिया है। कोरोना महामारी और उसके बाद तेजी से बढ़ी महंगाई ने मध्य वर्ग के पास भी अतिरिक्त उपभोग की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। तो सीआईआई चाहती है कि आय कर छूट देकर उसकी जेब अधिक पैसा छोड़ा जाए और ग्रामीण इलाकों में सरकारी योजनाओं से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए। अनेक अर्थशास्त्री यह सुझाव पहले से दे रहे हैं। लेकिन श्हार्ड वर्कय वाली सरकार ने उन श्हार्वर्ड्य शिक्षित अर्थशास्त्रियों की बात नहीं सुनीं। तो पानी अब सिर से ऊपर से गुजरने लगा है।

# मनमानी पर उतरी विजयन सरकार

**स्वाभाविक है कि सभी राजनीतिक कार्यकर्ता होंगे। ढाई साल की नौकरी के बाद सभी को कानूनन आजीवन पेंशन भी मिलती है। क्या पार्टीबाजी है ? राज्यपाल ने इस पर ऐतराज जताया तो माकपा मुख्यमंत्री नाराज हो गए। माकपा ने राज्यपाल के पद ही को खत्म करने की मांग कर दी। एक अन्य अत्यंत गंभीर आरोप भी राज्यपाल का है कि मुख्यमंत्री राज्यपाल को शासकीय विषयों तथा सूचनाओं ...**

के. विक्रम राव

जिस निर्लज्जता से केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश की अवमानना की है, वह अत्यंत गंभीर संवैधानिक गलती है।

केरल उच्च न्यायालय के निर्णय को निरस्त करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने 21 अक्टूबर, 2022 को राज्य शासन द्वारा नामित एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर डॉ. एम. एस. राजश्री की नियुक्ति को अवैध करार दिया था। न्यायाधीश–द्वय मुकेश कुमार रसिकभाई शाह तथा चुडलाटी थेवन रवि कुमार ने अपने आदेश में कहा कि केरल शासन का निर्णय त्रुटिपूर्ण है, और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्य नियमों का उल्लंघन करता है। आयोग के अनुसार कुलपति के चयन के लिए खोज समिति बनती है जो कुछ नामों को अग्रसारित करती है। मगर डॉ. राजश्री का अकेला नाम सूची में था। वैकल्पिक नामांकन नहीं था। अतरू वह रद्द कर दिया गया।

मगर माकपा शासन ने इस आदेश को क्रियान्वित नहीं किया। इसी तरह केरल उच्च न्यायालय ने केरल मत्स्य पालन एवं महासागर अध्ययन विश्वविद्यालय (केयूएफओएस) के कुलपति की नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि उनकी नियुक्ति भी यूजीसी के मानदंडों के खिलाफ है। मुख्य न्यायाधीश एस. मणिकुमार और शाजी पाल चाली की खंड पीठ ने कहा कि



डॉ. के. रीजि जॉन को केयूएफओएस का कुलपति नियुक्त करने के दौरान यूजीसी के उस नियम का पालन नहीं किया गया जिसके तहत कुलाधिपति को तीन या उससे अधिक दावेदारों की सूची भेजना अनिवार्य है। पीठ ने कहा कि नये कुलपति के लिए कुलाधिपति एक चयन कमेटी गठित कर सकते हैं। स्पष्ट किया कि कुलपति के चयन में यूजीसी के मानदंडों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय का यह फैसला डॉ. जॉन की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आया है।

यह फैसला राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा जॉन का इस्तीफा मांगे जाने के कदम को जायज ठहराता है। खान ने इस आधार पर जॉन का इस्तीफा मांगा था कि उच्चतम न्यायालय ने ऐसे ही एक मामले में कहा था कि यूजीसी के मानदंडों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा गठित चयन कमेटी को कम से कम तीन उपयुक्त दावेदारों के नामों की सिफारिश करनी चाहिए थी। राज्यपाल चाहते हैं कि कुलपति का नामांकन आयोग की नियमावली के मुताबिक हो। पिनरायी विजयन अपने चहेतों को पदासीन कराना चाहते हैं। यही मूलभूत मसला है कि शासन नियमों पर चलेगा या पार्टी हित में? आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध अभियान की वजह क्या है? मुख्यमंत्री विजयन के निजी सचिव हैं केके रागेश। उनकी पत्नी को कन्नूर विश्वविद्यालय कुलपति तथा गोपीनाथ रवीन्द्रन को मलयालम भाषा विभाग में एसो. प्रोफेसर नियुक्त कर दिया गया है। चयन समिति के समक्ष छह प्रत्याशी पेश हुए थे। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के अनुसार डॉ. प्रिया का शोध स्कोर मात्र 156 था। द्वितीय स्थान पर नामित हुए प्रत्याशी को 651 अंक मिले थे। इंटरव्यू में द्वितीय आए उम्मीदवार को कुल 50 में से 32 अंक मिले जबकि प्रिया को पचास में से मात्र 30 अंक। राज्यपाल आरिफ को सूचना मिली कि प्रिया के पति रागेश माकपा के छात्र संगठन एसएफआई के प्रमुख थे और माकपा के पूर्व सांसद। इस बीच केरल हाई कोर्ट ने प्रिया की नियुक्ति पर रोक भी लगा दी। यूजीसी को नोटिस भी जारी कर दिया।

इसके अतिरिक्त केरल में एक और शासकीय कुप्रथा है। इससे राज्य कोष पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। केरल के मंत्रियों को अधिकार है कि वे बीस–बीस व्यक्तियों को अपने निजी स्टाफ में नियुक्त कर सकते हैं। स्वाभाविक है कि सभी राजनीतिक कार्यकर्ता होंगे। ढाई साल की नौकरी के बाद सभी को कानूनन आजीवन पेंशन भी मिलती है। क्या पार्टीबाजी है? राज्यपाल ने इस पर ऐतराज जताया तो माकपा मुख्यमंत्री नाराज हो गए। माकपा ने राज्यपाल के पद ही को खत्म करने की मांग कर दी। एक अन्य अत्यंत गंभीर आरोप भी राज्यपाल का है कि मुख्यमंत्री राज्यपाल को शासकीय विषयों तथा सूचनाओं से वंचित रखते हैं। राज्यपाल को आतंकित करने में सारे हथकंडे अपनाते हैं।

**इससे सेना के लिए पीटीआई प्रमुख और उनके समर्थकों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करना बहुत मुश्किल हो जा रहा है। यह वास्तव में सत्ता के गलियारे को छोड़कर बैरकों में जाने के लिए पाकिस्तानी सेना के लिए एक वेकअप कश्र्वल है अन्यथा उनका हश्र म्यांमार के सैन्य जुन्टा के समान हो सकता है, जहां जून्टा अपने शासन के खिलाफ गृह यु) का सामना कर रही है...**

# पाकिस्तान : सेना के लिए वेक–अप कॉल

मनीष राय

इस साल अप्रैल में इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद देश की सर्वशक्तिशाली सेना के खिलाफ अभूतपूर्व प्रतिक्रिया हुई है।

पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान द्वारा सीधे तौर पर अपने पर हमला करने का आरोप लगाने के बाद लोग अब सड़कों पर सेना विरोधी भावनाओं को खुलकर व्यक्त कर रहे हैं। पाकिस्तान भर में आयोजित रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने खान के समर्थन में और सेना के खिलाफ नारे लगाए हैं। रैली में खान पर हत्या के असफल प्रयास के बाद। पेशावर में कॉर्प्स कमांडर के घर के सामने सैकड़ों प्रदर्शनकारी जमा हुए और सेना विरोधी नारे लगाए। इससे पहले पाकिस्तान में यह अकल्पनीय था।

वर्तमान में पाकिस्तानी समाज में सेना विरोधी भावना तेजी से फैल रही है। सोशल मीडिया पर लोग सेना के खिलाफ अपनी राय रखते रहते हैं। सोशल मीडिया खातों को निलंबित किए जाने या गिरफ्तार किए जाने की धमकी के बावजूद। सेना के लिए यह चिंताजनक स्थिति है क्योंकि पाकिस्तान सैन्य राज्य है, और सेना ने अपने अधि ाकांश अस्तित्व के दौरान शासक की भूमिका निभाई है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि 1947 में पाकिस्तान की स्थापना के बाद से किसी भी प्रधानमंत्री ने पूरे पांच साल का संसदीय कार्यकाल पूरा नहीं किया है, और जनरलों ने कई मौकों पर देश पर सीधे शासन किया है। खान का मुख्य समर्थन आधार पाकिस्तान के शहरी मध्य वर्ग से आता है।

पाकिस्तानी सेना खुद को पाकिस्तान के एकमात्र गैर–सामंती, गैर–वंशवादी और शिक्षित–मध्यवर्गीय संगठन के रूप में देखती है, और समाज के इस वर्ग में सेना हमेशा लोकप्रिय रही है। आश्चर्य की बात नहीं है कि खान को अब सेना के बड़े हिस्से में लोकप्रिय माना जाता है। यह कहना गलत या अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पीटीआई प्रमुख पाकिस्तान के इतिहास में पहले राजनेता हैं, जिन्हें सेना के नेतृत्व से लड़ते हुए सेना के भीतर से भी काफी अच्छा समर्थन प्राप्त है। अब तक इमरान की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि यह है कि वह जनता के बीच सेना के शीर्ष नेतृत्व को सत्ता के भूखे जनरलों के रूप में प्रदर्शित करने में सक्षम रहे हैं। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी ने हमेशा इस कथन को आगे बढ़ाया है कि अधि ाकांश राजनीतिक नेता भ्रष्ट हैं, और देश के सामने आने वाली सभी कठिनाइयों के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं, और सेना ही एकमात्र संस्था है, जो व्यवस्था ला सकती है, और स्थिरता व सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

लेकिन असल बात यह है कि लंबे सैन्य शासन ने पाकिस्तान की राजनीति, अर्थव्यवस्था और विदेश नीति पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव छोड़े हैं। पाकिस्तान में लंबे सैन्य शासन का सबसे स्थायी प्रभाव इसका घटता हुआ राज्य संविधान है। इतने आवेशित वातावरण के साथ और इतने सारे प्रचलित विरोधी भावनाओं के साथ। यह केवल समय की बात है जब आम पाकिस्तानी सेना में विश्वास खो देंगे और इसे सिर्फ एक अन्य राजनीतिक संगठन के रूप में मानेंगे। सेना ने कई बार कहा है कि वह तटस्थ है, और अराजनैतिक होना चाहती है। लेकिन पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार एक राजनीतिक प्रेस कॉन्फ्रेंस को इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम और इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल बाबर इफ्तिखार ने संबोधित किया। और फिर से दोहराया गया कि सेना अराजनीतिक रहेगी। लेकिन इस दावे के विपरीत तथ्य यह है कि सैन्य प्रतिष्ठान देश की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक शक्ति है। सत्ता की राजनीति से पीछे हटना सामरिक प्रतीत होता है, और पूर्ण त्याग का संकेत नहीं देता। यह सिर्फ रणनीति बदलने की बात है। देश में चल रहे राजनीतिक टकराव और बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ शक्ति का संतुलन अभी भी सेना के पास बना हुआ है। इतिहास के पन्नों में जनरल कमर जावेद बाजवा को अलग तरह से आंका जाएगा। शायद अधिक आलोचनात्मक रूप से। जैसा कि उन्होंने सरल मार्शल लॉ का चयन करने की बजाय एक सरकार को हटाने के लिए इंजीनियरिंग द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ छेड़छाड़ की, और बाद में, एक प्रॉक्सी को आगे बढ़ाया जो अब सैन्य बूटों की सीमाओं से बाहर निकल गया है।

अतीत में सेना लोकतंत्र के साथ किए गए किसी भी प्रयोग के दोष से बच गई जैसे–प्रत्यक्ष मार्शल लॉ, फील्ड मार्शल अयूब खान की निर्देशित लोकतंत्र अवध ारणा और जनरल बाजवा की सरकार का संकर रूप। लेकिन अब विभिन्न कारणों से आम लोगों का धैर्य समाप्त होता जा रहा है जैसे–राजनीतिक अभिजात वर्ग के प्रति गुस्सा, बढ़ती महंगाई, कुशासन और वर्तमान राजनीतिक अस्थिरता। और लोग किसी भी तरह की राजनीतिक व्यवस्था को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं हैं, जो लोगों की इच्छा को ध्यान में न रखे। वित्तीय राजध ानी कराची और पंजाब के सबसे अधिक आबादी वाले प्रांत में स्थानीय चुनावों में खान की पार्टी की मौजूदा जीत को राष्ट्रीय मनोदशा के लिए लिटमस टेस्ट के रूप में देखा गया है। साथ ही, सेना द्वारा अब तक इमरान पर दबाव डालने के सभी हथकंडों ने उन्हें डराने की बजाय और लोकप्रिय बना दिया है।

यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि इमरान खान का बड़ा समर्थन आधार पंजाब से आता है, जो पाकिस्तान सेना का मूल भी है। सेना के लिए बलूचों का नरसंहार करना, या बंगालियों का कत्ल करना, या सिंधी और पश्तूनों को मारना एक बात है, लेकिन पंजाब में ऐसा करना दूसरी बात है। इससे सेना के लिए पीटीआई प्रमुख और उनके समर्थकों पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई करना बहुत मुश्किल हो जा रहा है। यह वास्तव में सत्ता के गलियारे को छोड़कर बैरकों में जाने के लिए पाकिस्तानी सेना के लिए एक वेकअप कॉल है अन्यथा उनका हश्र म्यांमार के सैन्य जुन्टा के समान हो सकता है, जहां जून्टा अपने शासन के खिलाफ गृह युद्ध का सामना कर रही है।



# जनपद न्यायाधीश ने संविधान दिवस के अवसर पर शपथ दिलाया





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। संविधान दिवस के अवसर पर संजय कुमार मलिक, जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला प्राधिकरण व न्यायालय के कर्मचारीगण तथा पराविधिक स्वयं सेवकगण को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। उक्त अवसर पर शकील उर रहमान खान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं० 1 अशोक कुमार नवम विशेष न्यायाधीश (एस०सी०ध्एस०टी० एक्ट), प्रमोद कुमार सिंह द्वितीय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट), हिमांशु दयाल श्रीवास्तव अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं० 3, कामेश शुक्ला अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्एफ०टी० सी०– प्रथम ब्रिजेश कुमार द्वितीय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्एफ ०टी० सी०–द्वितीय, श्री चन्द्रमणि पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक प्राधिकरण, श्रद्धा भारतीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री संदीप पारचा सिविल जज सी० डिव, सुश्री मनीषा गुप्ता सिविल जज जू० डिव नौगढ, नवनीत कुमार सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट, अशुनैना मौर्या सिविल जज जू० डि०ध्एफ० टी० सी० प्रथम, श्वेता विश्वकर्मा सिविल जज जू० डि०ध् एफ ०टी० सी० द्वितीय, जयशंकर प्रसाद मिश्र सदस्य स्थाई लोक अदालत तथा जिला प्राधिकरण व न्यायालय के कर्मचारीगण व जिला मुख्यालय एवं तहसील नौगढ़ के पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त चन्द्रमणि पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक प्राधिकरण सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में जिला कारागार सिद्धार्थनगर में भी संविधान दिवस के अवसर पर बंदियों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम के प्रदीप कुमार सिंह डिप्टी जेलर, जयशंकर प्रसाद मिश्र सदस्य स्थाई लोक अदालत, अर्जुन झा वरिष्ठ लिपिक व जिला कारागार के पराविधिक स्वयं सेवकगण व बंदिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लिये गये फोटोग्राफ्स ई0 मेल व व्हाटसअप के माध्यम से आपको उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त जानकारी चन्द्रमणि पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा दी गयी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया कपियवा लेपन कार्य का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार,





मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा त्वरित आर्थिक विकास योजना में वित्तीय वर्ष 2020.21 विधान सभा बांसी के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य चौरी गांव से पूरब जामडीह पुरवा पचपेड़वा होते हुए कपियवा तक लेपन कार्य का निरीक्षण किया गया स उक्त सड़क का निर्माण कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सिद्धार्थनगर द्वारा कराया जा रहा है निरीक्षण के समय अरविन्द वर्मा,अधिशासी अभियंता, अंकुर वर्मा, सहायक अभियंता एवम विनोद शर्मा,अवर अभियंता उपस्थित रहे।स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि स्वीकृत लंबाई 4.किलोमीटर के सापेक्ष कार्यदाई संस्था द्वारा 3.60 किलोमीटर में लेपन कार्य पूर्ण कराया गया। प्राक्कलन के अनुसार सड़क के दोनों तरफ 1.5 मीटर तक मिट्टी पटाई कार्य कराया जाना है, मिट्टी कार्य कराया गया परन्तु कही कही 1.5 मीटर से कम मिट्टी डाला गया है, पुलिया और सड़क में बीच गैप है, बाढ़ क्षेत्र में बोल्डर कार्य कराया जाना है परन्तु अभी तक कार्य नहीं कराया गया। अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि बाढ़, वर्षा एवम जल जमाव के कारण कार्य बंद था, पुनः कार्य प्रारंभ कराया गया है स शीघ्र ही सही कमियों को ठीक करते हुए कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। किनारे की मिट्टी बह गईं। जिसे ठीक कराने के निर्देश दिया जायेगा। अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य निधारित समय तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# श्रद्धांजलि सभा में प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद सईद भ्रमर को किया याद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर तहसील परिसर में शनिवार को सपा के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष के अगुवाई में समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व विधायक पूर्व एवं प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष समाजवादी पुरोधा मोहम्मद सईद भ्रमर के याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। केदार साहनी के अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा कर मनाई गई और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक एवं निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव मोहम्मद सईद भ्रमर साहब के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि भरमर जी का पूरा जीवन संघर्षमय रहा वह जनता में काफी लोकप्रिय थे क्षेत्र के विकास में



लोकप्रिय नेता रहे उनकी संगठनात्मक क्षमता का कोई मुकाबला नहीं था वह जमीन से जुड़े हुए जमीनी नेता रहे क्षेत्रीय जनता और कार्यकर्ताओं में काफी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है और सिद्धार्थ नगर का जिला मुख्यालय नौगढ़ बनाने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। पूर्व विधायक विजय पासवान एवं चौधरी अमर सिंह ने कहा स्व. भ्रमर जी अपने व्यक्तित्व विचारधारा सिद्धांत एवं संघर्ष के लिए सदैव राजनीति के क्षितिज पर एक उदीयमान सूर्य की तरह हमेशा चमकते रहेंगे उनके सिद्धांतों उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। यहीं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम को तौलेश्वर निषाद,नागेंद्र नाथ चतुर्वेदी, अनूप यादव, कामता यादव, मणेंद्र मिश्र मसाल, पूर्व चेयरमैन एसपी अग्रवाल, कमरुज्जमा खान, चंद्रमणि यादव, चंद्रजीत जयसवाल, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, प्रदीप पत्थर कट्ट, इरफान मलिक, श्याम सुंदर मित्तल, राम सेवक लोधी, हबीब खान, विजय चौधरी व कन्हैया प्रसाद कन्नौजिया ने संबोधित किया।

# राष्ट्रीय फार्मासिस्ट सप्ताह दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय



फार्मासिस्ट सप्ताह दिवस के उपलक्ष्य में डीएसएसओपी फार्मेसी कॉलेज,करौंदा मसीना, सिद्धार्थ नगर द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की चेयरपर्सन डॉ सुशीला सिंह ने स्वास्थ्य कैंप कार्यक्रम को समाज के लिए बहुत उपयोगी बताया एवं स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। फार्मासिस्टों ने एंटीबायोटिक्स दवाओं के दुष्प्रभाव के बारे में, विभिन्न तरह के रोगों से बचने और किसी भी बीमारी में प्रयुक्त होने वाली दवाओं को बिना किसी डॉक्टर की सलाह के लेने के बारे में बताया गया। संस्था के यरेक्टरध्डीन डॉ एस एस पाण्डेय ने कहा कि फार्मासिस्ट



स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ हैं। विभागाध्यक्ष सुशील मिश्रा ने बताया कि आज लगभग 70 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। हेल्थ कैम्प कोऑर्डिनेटर आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि डीएसएसओपी फार्मेसी कॉलेज हेल्थ कैम्प एवं स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में सदैव सक्रिय है। राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अवसर पर अध्ययनरत फार्मासिस्टों द्वारा कक्षा की सजावट व विभिन्न तरह के खेल कार्यक्रम किए गए जिसमे विद्यालय के विभाग प्रमुख द्वारा यह भी कहा गया की आगे चलकर ऐसे कार्यक्रम का वृहद स्तर पर आयोजन करने की योजना रहेगी। उक्त अवसर पर फार्मेसी कॉलेज के शिक्षकगण प्रिया आर्या, अभिषेक मद्धेशिया, रुद्र प्रताप सिंह, प्रियंका त्रिपाठी, प्रियंका गौतम, कुमार कुंज,कृष्णकांत, रंजीत आदि उपस्थित रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनसामान्य को किया जागरूक

एच.पी.शर्मा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर। संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर पर अवनीश सक्सैना जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में दिनांक 26.11.2022 को न्यायालय परिसर गौतमबब्धनगर के सभा कक्ष में गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर भारत के संविधान के संबंध में प्रकाश डाला गया तथा संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। उक्त अवसर पर नरेन्द्र कुमार पाण्डे, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना अधिनियम अधिकरण, श्रीमती ज्योत्सना सिंह अपर जिला जजध्विशेष न्यायाधीश, रणविजय प्रताप सिंह अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0, प्रथम, राजीव कुमार वत्स, अपर जिला जजध्एफ0टी0सी0द्वितीय श्री सुशील कुमार, सिविल जज वरिष्ठ संवर्ग व समस्त न्यायिक अधिकारीगण एंव कर्मचारीगण आदि उपस्थित हुये। बेनिट स्कूल ऑफ लॉ– संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्धनगर के दिशा–निर्देशन में किया गया उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीया न्यायमूर्ति श्रीमती प्रतिभा एम सिंह, मा0 उच्च न्यायालय दिल्ली के साथ श्री जयहिंद कुमार सिंह, सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजन किया गया तथा उक्त अवसर पर प्रारम्भतः सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर द्वारा जनहित में आयोजित एंव संचालित कार्यक्रम लोक अदालत, मीडिएशन, पराविधिक स्वयं सेवक के कार्य,





निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर माननीया न्यायमूर्ति श्रीमती प्रतिभा एम सिंह मा0 उच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा संविधान एंव विधि व न्याय व्यवस्था के संबंध में विचार प्रस्तुत किये गये।उक्त अवसर पर श्री प्रदीप कुलक्षेष्ठ डीन विधि विभाग बेंनिट विश्वविद्यालय व अन्य प्रोफेसर व छात्र – छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आई0आई0एम0टी0 कालेज जेवर– संविधान दिवस 26 नवम्बर 2022 के अवसर गोष्ठी का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के तत्वावधान में एंव श्री हरेन्द्र कुमार पी0एल0वी0 के सहयोग से आई0आई0एम0टी0 कालेज जेवर के प्रांगण में किया गया उक्त अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया तथा संविधान के संबंध में प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रोफेसर व छात्र – छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# अपर जिलाधिकारी दिलाया शपथ, कलेक्ट्रेट में संविधान दिवस का आयोजन



एच.पी.शर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश

गौतमबुद्धनगर।शनिवार को शासन के निर्देशों पर जनपद में संविधान दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभागार में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल वाई के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गौतम बुद्ध नगर वंदिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भाग लिया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने भारत के संविधान की वर्षगांठ एवं भारतीय संविधान की उत्कृष्टता के संबंध में विस्तारित रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान दिवस की वर्षगांठ पर शपथ भी सुबह 11.00 बजे दिलाई गई। शपथ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने सभी को हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगे। सामासिक संस्कृति का संवर्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगे। यह शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा0 नितिन मदान, वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार, नगर मजिस्ट्रेट नोएडा उमेश चन्द निगम, डिप्टी कलेक्टर कोमल पंवार, अंकित वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारियों के द्वारा भाग लिया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर एवं प्रभारी निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सूचना केन्द्र नई दिल्ली।

# धुमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन की अध्यछता कर रहे नरेंद्र





वर्मा अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन ने बाबा साहब द्वारा बनाया गया संविधान के बारे में बोले कि आज संविधान न होता तो पता नही हम कँहा होते ,आप कँहा होते ,चूहा बिल्ली को खा जाता ,सांप नेवला को खा जाता।समझने की जरूरत है नियम कानून न होता तो पूंजीपति लोग गरीबों को रहने व जीने नही देते ।अंत मे सभी अधिवक्ताओं से अपने चेयरमैन नगरपालिका नावबगंज बाराबंकी के चुनाव में सभी से सहयोग की कामना कि जिस पर सदन में एक स्वर में हाथ उठाकर समर्थन करने का आश्वासन देते हुए नारा दिया कि अध्यक्ष जी तुम संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ है ।हम सभी आपको नगरपालिका का चेयरमैन बनाकर ही पहली ही बार मे दम लेंगे जैसे पहली ही बार मे जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बनाकर दम लिया है जिनका नरेंद्र वर्मा ने दोनों हाथों से अभिवादन किया।कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ला, भारत सिंह यादव, योगेन्द्र सिंह वर्मा,पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमीनुद्दीन, रमन द्विवेदी, सी बी सिंह , पूर्व महामन्त्री हिसाल बारी किदवई, सुनीत अवस्थी , वर्तमान वरिष्ट उपाध्यक्ष मोहन कुमार सिंह , महामन्त्री रितेश मिश्रा , मंत्री प्रशासन पंकज यादव ।कार्यकारणी सदस्य मनोज राजपूत ,अमित कुमार गौतम,नरेंद्र यादव ,पंकज रावत ,गौरव गुप्ता सुरेश चंद्र गौतम अनूप कल्याणी,राम शंकर गौतम रमेश भारती ,राजीव कुमार सहित अन्य सैकडों अधिवकता मौजूद रहे ,संचालन आर पी गौतम एडवाकेट ने किया।

# राष्ट्रीय जेंडर अभियान से संबंधित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण

## पुरुषो को महिलाओं के प्रति होना चाहिए संवेदनशील : सीडीओ

कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन के सभागार में नई दिल्ली से राष्ट्रीय जेंडर अभियान से संबंधित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। गौरतलब है कि 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक राष्ट्रीय जेंडर अभियान का सुचारू क्रियान्वयन पूरे देश मे हो रहा है। राष्ट्रीय जेंडर अभियान के माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध हिंसा से जुड़े पहलुओं जैसे महिला हिंसा की रोकथाम, सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आदि का प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के समस्त विभाग एक कार्य योजना के तहत इससे संबंधित विभिन्न गतिविधियों का जनपद व विकास खण्ड स्तर पर आयोजन करेगा। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक समस्त जनपद में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए है। उन्होंने महिलाओं द्वारा कठिन परिस्थितियों में कार्य करने, समाज से लड़ने, के साथ साथ घर के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकारी महिलाओं को देख अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है, बच्चे भी प्रेरित होते हैं। महिलाएं आने वाले परेशानियों को दरकिनार करते हुए कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के द्वारा जब प्रेरणादायी कार्य किया जाता है तो पूरी पीढ़ी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि सिर्फ महिलाओं को ही अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होना चाहिए बल्कि पुरुष को भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें सीमा देवी, मीना देवी, प्रियंका, कांति देवी सिंधु शर्मा आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आरएस गौतम, उपायुक्त मनरेगा राकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी अभय यादव, श्रम अधिकारी मनीष सिंह, अधिकारीगण व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

## संविधान दिवस के अवसर पर रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय योजना ने संविधान दिवस के अवसर पर रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो अर्चना मिश्रा व विशिष्ट अतिथि समाजशास्त्र प्रवक्ता दया शंकर पटेल ने प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वालो को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे डॉ सुनीता त्रिपाठी, डॉ विनोद कुमार राष्ट्रीय योजना के स्वयंसेवक स्वयंसेविकायें उपस्थित थे रंगोली प्रतियोगिता में अमीषा, शिवांगी, सावरीन, मनीषा, शिवानी, जागृति, ममता, बिन्दू, अंजू आदि स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया और क्विज प्रतियोगिता में अभिषेक तिवारी, संदीप त्रिपाठी, ज्ञान प्रताप कुशवाहा आदि ने प्रतिभाग किया। बांसी संविधान दिवस के अवसर पर शनिवार को सभासद व कर्मचारियों ने संविधान व देश की एकता व अखंडता को कायम रखने की शपथ लिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मो इद्रीश पटवारी, ई ओ विन्ध्याचल, रविशंकर गुप्ता, जमील अहमद, सभासद फूल चंद्र भारती, अरुण गुप्ता, रामगोपाल अग्रहरि, इरशाद अहमद, मुजीब अहमद, इशरत जमील, गिरीश पांडेय, गणेश दत्ता, रामकुमार, अमरेन्द्र कुमार,गणेश मोर्या, विष्णू गोंड, आदि उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन पिचमार्ग का किया निरीक्षण,दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड खेसरहा क्षेत्र अंतर्गत धमौरा ग्राम पंचायत के टोला जामडीह (पुरवा) पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने निर्माणाधीन पिचमार्ग का निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को अविलंब खामियों को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। विधानसभा क्षेत्र बांसी अंतर्गत त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2020—21में स्वीकृत कार्य चौरी गांव से पूरब जामडीह पुरवा से पचपेंड़वा होते हुए कपियवा तक लेपन कार्य का निरीक्षण कार्य में शिथिलता व खामियों से संबंधित शिकायत के आधार पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शनिवार को किया गया। उक्त सड़क का निर्माण कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सिद्धार्थनगर द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के समय अरविन्द वर्मा, अधिशासी अभियंता, अंकुर वर्मा, सहायक अभियंता एवम विनोद शर्मा, अवर अभियंता उपस्थित रहे। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया कि स्वीकृत लंबाई 4.किलोमीटर के सापेक्ष कार्यदाई संस्था द्वारा 3.60 किलोमीटर में लेपन कार्य पूर्ण कराया गया। प्राक्कलन के अनुसार सड़क के दोनों तरफ 1.5 मीटर तक मिट्टी पटाई कार्य कराया जाना था! परन्तु कार्यदायी संस्था ने पटरी निर्माण को मानक के अनुसार नहीं कराया! जांच में पाया गया कि संस्था द्वारा कहीं कहीं 1.5 मीटर से कम मिट्टी डाला गया है। यही नहीं पुलिया और सड़क में बीच गैप है, बाढ़ क्षेत्र में बोल्डर कार्य भी कराया जाना है परन्तु अभी तक कार्य नहीं कराया गया स अपना बचाव करते हुए अधिशासी अभियंता द्वारा बताया गया कि बाढ़,वर्षा एवम जल जमाव के कारण कार्य बंद था, कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कराया जाएगा स अधिशासी अभियन्ता द्वारा कहा गया कि शीघ्र ही सभी कमियों को दुरुस्त कराते हुए कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। सीडीओ ने किनारे की मिट्टी को शीघ्र ही मानक के के अनुरूप 1. 5 मीटर बनवाने का निर्देश दिया स उन्होंने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि प्राक्कलन के तहत निर्धारित मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य तय समय तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## विकास भवन सभाकक्ष में आयोजित हुआ,विचार गोष्ठी

*अध्यक्षीय संबोधन में सीडीओ ने मौलिक अधिकारों व कर्तव्यों की दी जानकारी अधिकारियों व कर्मचारियों दिलाया गया शपथ*

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत का संविधान देश के सर्वोच्च कानून, मौलिक,



राजनीतिक संहिता, संगठनात्मक संरचना, संचालन प्रक्रियाओं और सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारियों के साथ—साथ मौलिक अधिकारों मार्गदर्शक सिद्धांतों और नागरिकों के कर्तव्यो को परिभाषित करने के लिए रूपरेखा स्थापित करता है। यह दुनिया का सबसे लंबा लिखित राष्ट्रीय संविधान है। हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिए। ये विचार आज 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर विकास भवन सभाकक्ष में आयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा।इस दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान दिवस का शपथ दिलाया। इस अवसर पर नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, परियोजना निदेशक ,श्री योगेंद्र लाल भारती उपायुक्त एन आर एल एम ,डॉ राहुल गुप्ता जिला समाज कल्याण अधिकारी, तन्मय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, आर पी सिंह जिला युवा कल्याण अधिकारी, सच्चिदानंद जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, ममता कुलकर्णी जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक निदेशक वचत, सहायक अभियंता डीआरडीए ,सिद्धार्थ शंकर जिला सह समन्वयक, जयप्रकाश नाजिर डीआरडीए ,हरीश चंद्र पांडे नाजिर विकास, शहजादे इस्लाम मोहिसिनी, ओम प्रकाश पाठक ,जय गोविंद धर द्विवेदी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण और लोक कल्याण के लिए समर्पित था प्रभावती देवी का जीवन:कर्नल रामकुंवर

कुशीनगर । स्व.प्रभावती देवी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका के 82वीं जयंती पर उनके पैतृक गांव माधोपुर खुर्द में श्रंद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने स्व.प्रभावती देवी के जीवन काल की चर्चा करते हुए कहा कि वह अध्यापन कार्य मे रहते हुए गरीब व मेधावी छात्रों का निजी तौर पर सहयोग करती रही। इतना ही नहीं वे गांव के कमजोर लोगों का मदद करने में आगे रहती थी। से.नि. कर्नल रामकुंवर लाल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रभावती देवी का जीवन महिला सशक्तिकरण और लोक कल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि स्व. प्रभावती देवी के पुण्यस्मृति पर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम वासियों के लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसमे बाल विकास, बच्चों के शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक उत्थान और जरूरतमंदों के स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं के निदान के लिए कार्य करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य शुरू कर दिया गया है।

## बालू खनन को लेकर बनगंगा, गोल्हौरा,खड़कुइया घाट में सक्रिय हुआ

### साइकिल गैंग, लगभग दो सौ लोग कर रहे बाणगंगा नदी से अवैध खनन

पंकज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर।शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में बालू के अवैध खनन के लिए तस्कर तरह—तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इन दिनों बाणगंगा घाट क्षेत्र में साइकिल गैंग चर्चा का विषय बना हुआ है। सुबह से देर शाम तक साइकिल की मदद से बालू को बोरियों में भरकर चिह्नित स्थान पर ले जाकर डंप किया जा रहा है। इन दिनों बाणगंगा घाट क्षेत्र के गोलाहौरा, कोमर आदि घाटों में साइकिल गैंग चर्चा का विषय बना हुआ है। सुबह से देर शाम तक साइकिल की मदद से बालू को बोरियों में भरकर चिह्नित स्थान पर ले जाकर डंप किया जा रहा है।



इस काम में सैकड़ों साइकिल सवार लगे हुए हैं। माना जा रहा है कि दो से तीन ट्राली बालू हर दिन इकट्ठा किया जा रहा है। सबकुछ जानते हुए भी अनजान बनी क्षेत्रीय पुलिस की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। इन दिनों बालू के खनन पर महेवा घाट क्षेत्र में रोक लगाई गई है। ऐसे में ठेकेदारों ने अवैध खनन का नया तरीका अपनाया है। इसके लिए साइकिल सवार मजदूरों को प्रतिदिन मजदूरी दी जाती है। साइकिल सवार मजदूर भोर से ही अपनी साइकिलों में सीमेंट की बोरियां लाद लेते हैं और घाट किनारे पहुंचकर बोरियों में बालू को भरते हैं। एक साइकिल में पांच से छह बोरी तक लादी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से शाम तक एक व्यक्ति कम से कम सौ से डेढ़ सौ फिट बालू चिह्नित स्थान पर डंप कर देता है। करीब सैकड़ों साइकिल सवार लोगों के इस खेल से नजदीकी पुलिस व प्रशासन अनजान बनी हुई है।

## यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत बच्चों को किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र के बिशनपुरा बखरा में स्थित एस को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए। जैसे दो पहिया से बचा जा सके। यदि सड़क पर कोई दुर्घटना हो जाए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बच्चों ने भी इन




बी टी पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता माह के अंतर्गत बच्चों को सड़क पर चलने के नियमों से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए।यह कार्यक्रम थाना गौरी बाजार के एस आई शिव चंद्र तथा आरक्षी विजय पाल आर्य के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने सड़क पर चलने के नियमों के बारे में बच्चों वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, साथ ही गाड़ी से संबंधित सभी कागजात भी सही और साथ में रखें। पैदल राहगीर तथा साइकिल चलाने वाले के बारे में उन्होंने बताया कि इन्हें हमेशा सड़क के बायीं ओर चलना चाहिए जिससे सड़क दुर्घटना बातों को बड़े ध्यान से सुना तथा इन नियमों के पालन करने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय,उप प्रधानाचार्य एस पी बिंद, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी प्रशासक महोदय व शिक्षकगण तथा सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नहर साफ करने की जगह पेड़ भी फुक दिए ठेकेदार साहब

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला क्षेत्र में बरानगर सरयू नहर मुख्य शाखा से



भैसाव गाँव के पास से निकली माइनर अहिरौली, बंकुल, धनराजपुर, गोपलापुर और बरईपुरा उर्फ पड़ौली होते हुए परसा उर्फ अगलहवा तरैना नाला में गिरती है। इस नहर की सफाई ठेकेदार द्वारा कराई जा रही है ठेकेदार द्वारा नहर के साफ सफाई के दौरान नहर में बढ़े खरपतवार में आग लगा दिया गया। जिससे नहर के बगल में स्थित मिश्रौली निवासी श्रीभागवत मिश्र के खेत मे लगा आम्रपाली युके लिप्टस और आम के पेड़ सहित अन्य पेड़ झुलस गए। जिसके चलते किसान का काफी क्षति हुआ है। इस बारे में जब नहर विभाग के जे ई से बात किया तो उन्होंने कहा कि नहर पर खरपतवार को आग लगाने का कोई आदेश नहीं है लेबर द्वारा ही नहर की सफाई की जानी है।

## महामहीम ने मुरारपुर के सूर्य भूषण को दिया पीएचडी की उपाधि

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर




प्रदेश की ओर से सूर्य भूषण दुबे को इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि यूपी की महामहीम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिया। बता दें कि सूर्य भूषण ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत प्रोफेसर डॉ अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में एप्लीकेशन ऑफ द स्मार्ट ग्रिड कॉन्सेप्ट आफ रिन्यूएबल एनर्जी में शोध पूर्ण किया है। सुर्य भूषण मूल रूप से मुरारपुर गांव के पत्रकार बृज भूषण दूबे के छोटे भाई हैं।

## पीपीए गौरव सम्मान पत्र से सम्मानित किए गए पत्रकार बृज भूषण दूबे



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। तहसील गोला अंतर्गत मुरारपुर गांव निवासी बृज भूषण दुबे को पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बृजभूषण को अथक परिश्रम, दृढ़ संकल्प, संवेदना से परिपूर्ण कर्तव्य उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पीपीए गौरव सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह के साथ अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। बता दें कि बृज भूषण दूबे लगातार निर्भीक व निडरता से क्षेत्र से जुड़ी हर समस्या व गरीबों की आवाज को पत्रकारिता के माध्यम से उठा रहे हैं। अरुण कुमार दूबे, घनश्याम कसौधन, आशुतोष, राहुल हरेंद्र सिंह, अखिलेश तिवारी, विजय चौधरी, संतोष बरनवाल, रविशंकर पाण्डेय, चंद्र प्रकाश, देवेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, प्रदीप, सत्यवान गुप्ता, गोविंद सागर सहित आदि लोगों व पत्रकारों ने बधाई दिया।

## गोला थाने पर आयोजित हुआ समाधान दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। गोला थाने पर शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एस डी एम गोला रोहित कुमार मौर्या ने किया। क्षेत्राधिकारी गोला जगतराम कन्नौजिया व थानाध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने फरियादियो के पीड़ा को सुना। समस्या का समाधान करने का भी भरपूर प्रयास किया। लेकिन निस्तारण सन्तोष जनक नही रहा



# संविधान सर्वोच्च कानूनों का संग्रह है: दीपाली कुलश्रेष्ठ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में संविधान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपाली कुलश्रेष्ठ को पुष्प–गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। तत्पश्चात दीपाली कुलश्रेष्ठ ने संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेंद्र प्रसाद एवं संविधान सभा के मसौदा समिति के सभापति बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।




प्राचार्य राजकुमार के साथ–साथ सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी संविधान निर्माताओं को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विद्यालय के विद्यार्थी सभा की हेड गर्ल रानू एवं हेड ब्वाय अख्तर रजा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने भी दोनों महापुरुषों की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उसके बाद पूरा विद्यालय परिवार संविधान की प्रस्तावना को बोलकर शपथ लिया। कक्षा नौवीं से वेदांग शुक्ला, कक्षा दसवीं से ईशिता सिंह ,कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य का छात्र विशाल राव एवं जानशू गुप्ता ने संविधान के निर्माण एवं उसके महत्त्व पर प्रकाश डाला। मौलिक अधिकार लिखे हुए पोस्टर भी लहराए गये। विद्यालय के चारों सदन की छात्राओं ने नृत्य और संगीत के माध्यम से समा बांध दिया। अरविंद सदन की छात्राओं के राजस्थानी डांस को प्रथम पुरस्कार, श्रद्धानंद सदन की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत बांग्ला लोकनृत्य को द्वितीय तथा दयानंद सदन की छात्राओं के प्रर्यावरण संरक्षण पर आधारित नृत्य को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के द्वारा मुंह मीठा कराया गया। मुख्य अतिथि दीपाली कुलश्रेष्ठ ने अपने संबोधन में बताया कि संविधान सर्वोच्च कानूनों का संग्रह है। संविधान सरकार को नियंत्रित करती है। नागरिकों को मिले सभी अधिकार संविधान से हीं मिले हैं। भारत के सभी नागरिकों को संविधान का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने नृत्य संगीत के सभी प्रतिभागियों की तारीफ करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। प्राचार्य राजकुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया तथा सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्षोल्लास का माहौल रहा।

## पुलिस अधीक्षक ने किया नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारम्भ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।दगुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं लॉयन्स



क्लब रॉबर्ट्सगंज के सौजन्य से नेत्र परीक्षण शिविर एवं निरूशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, द्वारा किया गया। उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं एवं पुरुषों को नेत्र परीक्षण के सम्बन्ध में सम्बोधित कर इस समाज सेवा करने की सराहना की गयी तदोपरान्त चित्रकूट से आये चिकित्सकों से स्वयं का नेत्र परीक्षण कराया गया। लॉयन्स क्लब द्वारा पुलिस अधीक्षक को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

## संविधान के महत्व व इतिहास के प्रति जागरुकता की जरूरत-पवन कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बदौली रावटसगंज में अलग पूर्वांचल राज्य की मांग



कर रहे संगठन पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा द्वारा आजादी के 75 वर्ष में संविधान दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम संविधान निर्माण कर्ताओं को याद कर नमन किया गया। फिर संविधान के प्रस्तावना का पाठ किया गया। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव एड पवन कुमार सिंह ने कहा किसंविधान दो शब्दों से मिलकर बना है एक है 'सम' जिसका अर्थ होता है समान और दूसरा है 'विधान, जिसका मतलब होता है कानून यानी संविधान का मतलब होता है सबके लिए एक समान कानून। भारत सरकार ने नागरिकों के बीच संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 26 नवंबर को प्रतिवर्ष श्संविधान दिवसश् के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजेश कुमार पाठक ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है। आज ही के दिन आजाद भारत को एक संविधान मिला था। 26 नवंबर 1949 को, संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान सभा का गठन जुलाई 1946 में किया गया था. इसमें 389 सदस्य शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या 12 थी। संविधान दिवस के मौके पर देशभर में अलग–अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. लोगों को संविधान के महत्व व इतिहास के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सचिव संदीप जायसवाल ने कहा कि भारत के संविधान को दुनिया का सबसे लंबा संविधान माना जाता है। भारतीय संविधान में एक प्रस्तावना, 448 आर्टिक्स के साथ 22 पार्ट्स, 12 अनुसूचियां, 5 एपेंडिक्स और 115 संशोधन शामिल हैं। यह सबसे लंबा संविधान इसलिए भी है, क्योंकि इसमें कुल 1.46 लाख शब्द हैं ! आइए साथ मिलकर संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु संकल्प लें। इस अवसर पर काकू सिंह, मनोज जायसवाल एड, विरेंद्र कुमार सिंह एड संजय, जायसवाल, नवीन पांडेय एड, अशोक कुमार कनौजिया एड, पवन कुमार द्विवेदी एड, दीपनारायण पटेल आदि लोग अपनी बात को रखे।

# जनपद न्यायाधीश ने संविधान की प्रस्तावना का कराया गया पाठन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार यादव प्रथम के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र की अध्यक्षता मे शनिवार को संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया उक्त संविधान दिवस पर संविधान के मुल्यो एवं सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए संविधान के आदर्शों को बनाए रखने हेतु हमारी प्रतिबद्धता एवं संविधान की प्रस्तावना का पाठन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद




न्यायालय के न्यायिक अधिकारी गण अधिवक्ताओं, मीडिएटरो परा विधिक स्वयं सेवकों न्यायालय के कर्मचारियों एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों को कराया गया। तथा माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा बताया गया कि संविधान दिवस के अवसर पर हमे न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने का एहसास होता है। बल्की संविधान मे उल्लिखित मौलिक अधिकारों से हमे अपना हक मिलता है। और साथ ही लिखित मूल कर्तव्यो से हमे नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारीयों की भी याद दिलाता है। इस अवसर पर खालीकुज्जमा, प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, एहसानुल्लाह खान, विशेष धीश(एस०सी०ध्एस0 टी0), एवं अन्य न्यायिक अधिकारी गण अधिवक्ता गण मीडिएटर्स, पराविधिक स्वयं सेवक, न्यायालय के कर्मचारी गण तथा पुलिसकर्मी गण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी विनय कुमार सिंह–पूर्ण कालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी गयी है।

## जनपद के समस्त थानों पर आयोजित हुआ थाना समाधान दिवस

■ **जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमों द्वारा गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु दिए गए निर्देश'**

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।जनपद के समस्त थानों पर ष्थाना समाधान दिवसष् का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर तथा क्षेत्राधिकारी सदर चारु द्विवेदी द्वारा थाना रामपुर बरकोनिया पर थाना समाधान



दिवस के अवसर पर फरियादियों को समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया गया तथा कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया । निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग–अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके । इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने– अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया ।

# मिशन शक्ति अभियान: प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता अभियान

***समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गों, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग'***

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं ध् बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षाध्आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से "मिशन शक्ति" अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के



निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओध्बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे– वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने–अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस–पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930ध 112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके ।

## पुलिस व पीएसी बल ने किया सघन काम्बिंग

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने,



दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी सदर चारु द्विवेदी के नेतृत्व में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस व पीएसी बल द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम दारमा व लौआ के जंगलों में सघन काम्बिंग की गयी । इसके अतिरिक्त थाना हाथीनाला पुलिस द्वारा चक गरदरवा व गरदरवा के जंगलों में, चौकी पनौरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम सोमा व पनौरा के जंगलों में मय पीएसी सघन काम्बिंग की गयी । काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय मे जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया गया ।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## रीमिडियल टीचिंग(एफ एल एन) प्रशिक्षण का हुआ समापन'

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल, सोनभद्र।ब्लाक संसाधन केन्द्र घोरावल के प्रशिक्षण हाल में विकासखंड करमा और घोरावल के शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण के षष्ठम और अन्तिम बैच का समापन एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी के उद्बोधन से समाप्त हुआ।आपको बताते चलें कि पूरे भारत को भाषा व गणित में निपुण बनाने हेतु निपुण भारत नाम का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिसमें कक्षा बालवाटिका से लेकर तीन तक के बच्चों को भाषा व गणित में सन् 2026 तक निपुण बनाने हेतु विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं।कार्यक्रम के समन्वयक एआरपी दीनबंधु त्रिपाठी ने बताया कि उसी के अगले पडाव के रूप में कक्षा चार और पांच के बच्चे पीछे छूट जा रहे थे और कोविड काल में उनका भी अधिगम क्षति हुयी है ,जिसे पूर्ण करने के लिये रीमिडियल टीघिंग एफ एल एन ,आधारभूत साक्षरता व बुनियादी गणित का प्रशिक्षण चलाया जा रहा था।दोनों ब्लाकों के कुल तीन सौ चार प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय के कक्षा चार और पांच में भाषा और गणित पढाने वाले शिक्षकों का एक बार में दो कमरों में पचास पचास की संख्या में कुल छः बैच चलाकर प्रशिक्षित किया गया।एआरपी अविनाश ने शिक्षकों से निवेदन किया कि आप सभी अपने अपने विद्यालयों में इसे लागू करके बच्चों को नयी दिशा प्रदान करेंगे।पूरे प्रशिक्षण में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन के साथ प्रथम संस्था सहयोग में रही।प्रथम संस्था से अमित श्रीवास्तव, राहुल प्रजापति और शैलेश जी ने सन्दर्भदाता के रूप में कार्य किया।



## हंस वाहिनी कालेज में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम आयोजित

### छात्रों में प्रतियोगिता आयोजित कर किया गया पुरस्कृत

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र।कर्मा ब्लाक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र



केकराही के माध्यम से डा अभिषेक कुमार पांडेय के नेतृत्व मेंशनिवार को हंस वाहिनी इंटर कालेज कसया के प्रांगड़ में किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम आयोजित किया गया !किशोर किशोरियों के बीच काउंसलरध्ब्लाक क्वार्डिनेटर शिवांगी मिश्रा ने छात्र छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन एवं आने वाली समस्याओ के विषय में काउंसलिंग किया !छात्र छात्राओं ने काउंसलर से समस्याओं के विषय में खुलकर चर्चा की !इस मौके डा अभिषेक कुमार पांडेय ,डा राजकुमार ,डा अंजनी डा अरविंद ,सुनीता ,कालेज के प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्र ,सुमन ,राजेंद्र पांडेय ,अरुण पति त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे !

# लिपस्टिक लगाने से इन गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती हैं आप



लिपस्टिक लगाना महिलाओं को बहुत पसंद होता है। जी हाँ और महिलाएं अपने ड्रेस, अवसर, मूड और स्टाइल के अनुसार लिपस्टिक का कलर चुनना पसंद करती हैं। हालाँकि कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स स्किन को बहुत ही ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। जी हाँ और लिपस्टिक के साइड इफेक्ट आपके लिए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लिपस्टिक होंठों पर लगाई जाती है और खाना खाते समय यह मुंह के रास्ते सीधे शरीर के अंदर जाती है। आपको बता दें कि इससे हानिकारक केमिकल्स सीधे पाचन तंत्र में पहुंच सकते हैं। अब आज हम आपको बताते हैं लिपस्टिक कैसे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाती है।

लिपस्टिक खरीदते समय इंग्रेडिएंट्स की जांच करें

शरीर में मैंगनीज, कैडमियम, क्रोमियम और एल्युमीनियम एक साथ मिल जाएं तो यह बहुत नुकसान करते हैं। जी दरअसल लिपस्टिक लगाकर खाना खाने से इन सभी तत्वों के शरीर में जाने की, वह भी एक साथ प्रवेश करने की संभावना बढ़ जाती है। इसी के साथ लिपस्टिक खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि उसमें ये चीजें बिल्कुल भी न हों।

लिपस्टिक लगाने के नुकसानरू

’ ज्यादातर लिपस्टिक में लेड पाया जाता है। लेड शरीर के लिए बहुत हानिकारक होता है। जी हाँ और इससे हाई ब्लड प्रेशर और कई हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

’ लिपस्टिक में कई तरह के प्रिजरवेटिव होते हैं जो शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं और अगर इनकी मात्रा ज्यादा हो तो कैंसर होने का खतरा हो सकता है। पैराबेन एक ऐसा प्रिजर्वेटिव है, जिसे कैंसर के लिए जिम्मेदार माना जाता है। इसके कारण महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की समस्या देखने को मिल रही है। ’ इसके आलावा बिस्मथ ऑक्सीक्लोराइड का इस्तेमाल लिपस्टिक में प्रिजर्वेटिव के तौर पर किया जाता है। जी दरअसल इससे कैंसर होने का भी खतरा रहता है। ’ इसके अलावा अगर आप गर्भवती हैं, तो हर समय लिपस्टिक लगाने से बचें।

लिपस्टिक लगाते समय अपनाएं ये टिप्स– – लिपस्टिक खरीदते समय डार्क शेड्स लेने से बचें क्योंकि डार्क शेड्स में हैवी मेटल्स ज्यादा होते हैं। – लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर घी या पेट्रोलियम जेली का बेस लगाएं। ऐसा होने से दुष्प्रभाव कम होते हैं। – स्थानीय ब्रांड सस्ते हो सकते हैं, लेकिन वे आपके होठों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

– लिपस्टिक अच्छे ब्रांड की ही खरीदें।

– लिपस्टिक के कारण होने वाले पिगमेंटेशन को दूर करने के लिए अपने होठों को चीनी और शहद से स्क्रब करें।

## ग्रीन आउटफिट में शिल्पा शेट्टी ने टोंड लेग्स की फ्लॉन्ट

फिल्म प्रोड्यूसर राज कुंद्रा की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी आज एक जाना माना नाम है। कई रियलिटी शोज में वो जज की भूमिका में नजर आ चुकी हैं। साथ ही अपनी सोशल



मीडिया पर भी एक्ट्रेस काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा देती हैं। वहीं, एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ग्रीन कलर के आउटफिट में बेहद ही सुंदर और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी अपनी टोंड लेग्स फ्लॉन्ट कर रही हैं। शिल्पा शेट्टी अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर बिजलियां गिरा रही हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। शिल्पा ने कुछ महीने पहले ही अपना 47वां जन्मदिन मनाया है। लेकिन, फिटनेस फ्रीक शिल्पा को देखकर कोई उनकी उम्र का अंदाजा नहीं लगा सकता है। शिल्पा शेट्टी योग का काफी महत्व देती हैं। साथ ही वो इंस्टाग्राम पर योग करते हुए वीडियो शेयर करती रहती हैं। फिटनेस और खूबसूरती में कई लड़कियां उन्हें अपना रोल मॉडल मानती हैं। साथ ही उनके फिटनेस टिप्स को फॉलो करती हैं। शिल्पा शेट्टी की तस्वीरों पर फैंस अपना ढेर सारा प्यार लुटाते हैं। साथ ही उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के इंस्टाग्राम पर 27.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

## रकुल प्रीत की छतरीवाली भी ओटीटी पर आएगी, जानिए कब देख सकेंगे फिल्म



पिछली बड़ी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरते देख अब बॉलीवुड के कई निर्माता–निर्देशक फिल्मों की रिलीज के लिए ओटीटी पर रास्ता तलाश रहे हैं। पिछले दिनों खबर थी कि मिशन मजनू और गोविंदा नाम मेरा ये दोनों फिल्में सिनेमाघरों के बजाय ओटीटी पर रिलीज होंगी। अब खबर है कि अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह की फिल्म छतरीवाली भी ओटीटी का रास्ता पकड़ेगी। इसकी रिलीज डेट भी सामने आई है।

पिछली बार सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म थैंक गॉड में दिखीं रकुल अब जल्द ही फिल्म छतरीवाली में नजर आएंगी।

एक सूत्र ने बताया कि यह फिल्म सीधे ओटीटी पर आएगी। इसे सिनेमाघरों में रिलीज नहीं किया जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट भी तय कर ली है। फिल्म अगले साल 20 जनवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम होगी। जल्द ही निर्माता इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। पिछले साल नवंबर में इस फिल्म का ऐलान हुआ था। इस फिल्म की बात करें तो रकुल के अलावा इसमें सुमित व्यास, प्राची शाह पांड्या, सतीश कौशिक, राजेश तैलंग और डॉली अहलूवालिया भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला हैं और निर्देशन की जिम्मेदारी तेजस प्रभा विजय देवस्कर पर है। फिल्म की कहानी संचित गुप्ता और प्रियादर्शी श्रीवास्तव ने लिखी है। रकुल ने पिछले साल दिसंबर में अपनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली थी। छतरीवाली एक ड्रामा फिल्म है। इसमें रकुल ने करनाल के छोटे से शहर में रहने वाली एक महिला का किरदार निभाया है, जो नौकरी न मिलने से काफी हताशा है और अंत में कॉन्डम टेस्टर बन जाती है। इस फिल्म में एक सामाजिक मुद्दे को व्यंग्यगात्मक रूप से दिखाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, फिल्म का मकसद कॉन्डम को लेकर शर्म को खत्म करना है। रकुल कहती हैं कि इस फिल्म का विषय दिलचस्प और लीक से हटकर है। कॉन्डम टेस्टर कॉन्डम को बाजार में लाने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच करता है। उसके फीडबैक के आधार पर कॉन्डम को बाजार में उतारा जाता है। बड़ी कॉन्डम निर्माता कंपनियां 18 साल से अधिक उम्र के लोगों को ही इस काम पर रखती हैं। रकुल फिल्म मिशन सिंड्रेला को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें उनकी जोड़ी अक्षय कुमार के साथ बनी है। यह सुपरहिट तमिल फिल्म रत्सासन का हिंदी रीमेक है, जो एक बेहतरीन साइको थ्रिलर फिल्म है। इसके अलावा वह निर्देशक मुदस्सर अजीज की फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी में भी काम कर रही हैं। इस फिल्म में रकुल के साथ अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आएंगी। वह इंडियन 2 और अयलान नाम की तमिल फिल्म में भी काम कर रही हैं।

## कार्तिक आर्यन ने फ्रेडी का नया पोस्टर किया शेयर, डरी सहमी दिखीं एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन ने अपनी अपकमिंग थ्रिलर फिल्म फ्रेडी का एक पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर से फिल्म में



एक्ट्रेस अलाया फर्नीचरवाला का फर्स्ट पहला लुक सामने आया है। अलाया ने फिल्म में कैनाज का किरदार निभाया है। फिल्म में पोस्टर को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, मिलिए फ्रेडी के जुनून कैनाज से पोस्टर एक पहेली की संकेत करता है। पोस्टर में कार्तिक आर्यन काफी गंभीर लग रहे है। वहीं अलाया डरी–सहमी दिख रही है। कार्तिक ने एक्ट्रेस के गले पर दांतो के डॉक्टर का एक टूल रखा है और उनके दस्तानों पर खून लगा हुआ है। फिल्म के टीजर ने पहले ही दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।पोस्टर देखने के बाद अब सवाल उठाता है कि प्यार, शादी, विश्वासघात. . आखिर कैनाज की कहानी कहां तक ले जाएगी। यह फिल्म 2 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# ज्यादा पानी पीने से हो सकती हैं ये गंभीर बीमारियां, बचने के लिए करें ये काम



कहते हैं पानी सबकी सेहत के लिए जरुरी है, हालाँकि अधिक पानी पीना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको बता दें कि शरीर की सभी कोशिकाओं और अंगों को ठीक से काम करने के लिए पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन ज्यादा पानी पीने से स्वस्थ्य संबंधी समस्या हो सकती है, जिसे मेडिकल की भाषा में ओवरहाइड्रेशन कहा जाता है। जी हाँ और यह एक तरह का मानसिक रोग भी है, जिसमें इन्सान ज्यादा पानी पीने लगता है। आपको बता दें कि इसका सीधा असर गुर्दे पर पड़ता है और उन लोगों के लिए परेशानी बढ़ जाती है, जिनके गुर्दे पानी को शरीर से बाहर नहीं निकाल पाते हैं।

ज्यादा पानी पीने के नुकसान

डॉक्टर्स के अनुसार ज्यादा पानी पीने से शरीर में नमक और इलेक्ट्रोलाइट की मात्रा कम हो जाती है। इससे वॉटर इंटोक्सिकेशन नामक बीमारी हो जाती है। पेट फूल जाता है और बार–बार उल्टी आती है। केवल यही नहीं बल्कि इसके कारण सिर दर्द भी होता है। स्थिति बिगडने पर मरीज बेहोश हो सकता है। उसे मिर्गी का दौरा पड़ सकता है। केवल इतना ही नहीं बल्कि वह कोमा में भी जा सकता है। हार्ट फेल हो सकता है। गुर्दे काम करना बंद कर सकते हैं। जी हाँ और यह स्थिति डायबिटीज के मरीजों के लिए और खतरनाक बन सकती है। महिलाएं जरूरत से ज्यादा पानी पीती हैं तो उनमें हार्मोंस गड़बड़ा सकते हैं। ब्लड प्रेशर हाई हो सकता है। सांस लेने में परेशानी हो सकती है। साथ ही मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन हो सकती है। जी दरअसल बुजुर्गों के लिए ज्यादा पानी पीना और नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि उन्हें बार–बार बाथरूम जाना पड़ सकता है।

क्या हैं बचने के उपाय

बचने के लिए जबरदस्ती पानी न पिएं। शरीर की जरूरत को समझें, इसका मतलब है पानी तभी पिएं जब प्यास लगे। जी हाँ क्योंकि ज्यादा पानी पीने की स्थिति उन लोगों के साथ बनती हैं जो लंबे समय तक व्यायाम करते हैं। इसी के साथ ही खिलाडियों में भी ऐसा होता है। इनके लिए पानी के बजाए स्पोर्ट्स ड्रिंक्स बेहतर विकल्प हो सकता है। इन ड्रिंक्स में शुगर के साथ पोटेशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स भी होते हैं जो पसीने के जरिए शरीर से बाहर भी निकलते रहते हैं। वहीं ठंड के दिनों में ज्यादा पानी पीने से बचें, क्योंकि इन दिनों में शरीर को उतनी जरूरत नहीं होती।

अगर ज्यादा पानी पीने से मरीज बेहोश होने लगा है या इसका असर उसकी याददाश्त पर पड़ रहा है तो डॉक्टर को दिखाना चाहिए। जी हाँ और व्यक्ति का वजन भी तय करता है कि उसे दिनभर में कितना पानी पीना चाहिए। जी हाँ, इसके बारे में अपने डॉक्टर से पूछें। खाने के तुरंत बाद ज्यादा पानी पीने से पाचन क्रिया गड़बड़ा सकती है।

